# भूख हड़ताल के बाद पानी की टंकी पर चढ़ गया वकील

## सीडीओ और एएसपी के समझाने पर चार घंटे बाद उतरे वकील मनोज, सीएचसी अधीक्षक पर कार्रवाई की मांग को लेकर चल रहा अनशन समाप्त

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचार:** सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई, अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव की रिपोर्ट दर्ज न होने पर वह तहसील स्थित पानी की टंकी पर चढ़ गए और कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जिले से आए सीडीओ और एएसपी के आश्वासन पर चार घंटे बाद वह टंकी से नीचे उतर आए। मनोज श्रीवास्तव के खिलाफ दर्ज रिपोर्ट स्पंज कराने का आश्वासन मिला है।

तहसील परिसर में सीएचसी अधीक्षक डॉ. गणेश कुमार पर रिपोर्ट दर्ज कराने और उनके कारनामों की जांच को लेकर मनोज श्रीवास्तव ने तीन जून से क्रमिक अनशन शुरू किया था। कोई कार्रवाई न होने पर 18 जून से आमरण अनशन शुरू कर दिया। किसी अधिकारी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया, जिसके चलते आमरण अनशन के तीसरे दिन गुरुवार को अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव दोपहर तहसील स्थित पानी की टंकी पर चढ़कर पुलिस और तहसील प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। तहसील के तमाम वकील उनके समर्थन में आ गए, जिन्होंने एसडीएम, तहसीलदार, कोतवाल चौहान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वकील का कहना था कि जब तक सीएचसी अधीक्षक के नामजद रिपोर्ट दर्ज नहीं हो जाती और डॉक्टर द्वारा वकील मनोज श्रीवास्तव पर दर्ज मुकदमा स्पंज नहीं हो जाता, तब तक वह पानी की टंकी से नीचे नहीं उतरेंगे। करीब चार घंटे तक वकील मनोज पानी की टंकी पर चढ़े रहे। इस दौरान अधिकारियों में अफरा-तफरी रही। सीडीओ अनिल कुमार सिंह और एएसपी नैपाल सिंह भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने पांच वकीलों के पैनल में लालबिहारी वर्मा, राजेश गिरि, जीवनलाल वर्मा, संदीप अवस्थी, प्रदीप सिंह काजल के साथ एसडीएम आफिस में देर तक हुई वार्ता के बाद वकील के खिलाफ दर्ज मुकदमे को स्पंज करने व सीएचसी अधीक्षक के स्थानांतरण के आश्वासन पर वकील शांत हुए। वकीलों ने अधिकारियों की टंकी पर चढ़े वकील मनोज श्रीवास्तव की फोन से वार्ता कराई। आश्वासन मिलने पर भारत माता के जयकारे लगाते हुए वकील मनोज श्रीवास्तव नीचे उतरे। सीडीओ ने उन्हें जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन तोड़वाया। वकील मनोज श्रीवास्तव ने भी आश्वासन मिलने पर खुशी व्यक्त की है।


गोला तहसील में पानी की टंकी पर चढ़े अधिवक्ता मनोज श्रीवास्तव।


तहसील में मनोज श्रीवास्तव को समझाते सीडीओ और एएसपी।

### वकीलों ने पुलिस के खिलाफ भी की नारेबाजी

कोतवाली के क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र पांडे के तहसील पहुंचते ही वकीलों ने पुलिस प्रशासन और कोतवाल के विरुद्ध नारेबाजी की। जब क्राइम इंस्पेक्टर टंकी पर चढ़कर वकील के पास जाकर वार्तालाप करने का प्रयास कर रहे थे तभी वकीलों ने उन्हें ऊपर टंकी पर जाने से रोक दिया और उन्हें मजबूरन टंकी से नीचे उतरना पड़ा। स्थिति को भांपकर तहसील परिसर में गोला, हैदराबाद, मैलानी, पसगवां की पुलिस बुला ली गई, जिससे पूरा तहसील परिसर छावनी में तब्दील हो गया। विजयकांत श्रीवास्तव, रामजीलाल दीक्षित, देशदीपक सक्सेना, अरुण दीक्षित, अजय यादव, आनंद शुक्ला, नागेंद्र सिंह, नरेंद्र शुक्ला, हरिनाम पांडे सहित तमाम वकील मौजूद रहे।

**वकीलों ने एसडीएम को घेरा :** एसडीएम रत्नाकर मिश्र के तहसील पहुंचते ही तमाम वकीलों ने उन्हें घेरकर उनके खिलाफ नारेबाजी की। तब उन्होंने वकीलों को समझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन वकील अपनी जिद पर अड़े रहे। एसडीएम ने उच्चाधिकारियों, पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### यह था पूरा मामला

लोकसभा चुनाव से पहले चार मई को तहसील परिसर में अधिवक्ता मनोज और सीएचसी अधीक्षक का विवाद हो गया था। डॉक्टर ने वकील मनोज श्रीवास्तव पर मारपीट करने का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं पुलिस ने वकील मनोज श्रीवास्तव की रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। इसी से नाराज वकील मनोज श्रीवास्तव का तहसील परिसर में तीन जून से चल रहे क्रमिक अनशन को 18 जून से आमरण अनशन में तब्दील कर दिया था।

# वन दरोगा समेत अन्य के खिलाफ केस

- हाईकोर्ट लखनऊ के महाधिवक्ता के हस्तक्षेप पर दर्ज हुई रिपोर्ट
- डीडी बनकर धमकाने वाले व किशोरी की पिटाई का मामला

संवाददाता, महंगापुर

**अमृत विचार:** हफ्ते भर पहले खेत की रखवाली कर रही किशोरी की पिटाई करने के मामले में हाईकोर्ट लखनऊ के महाधिवक्ता मोहम्मद हैदर रिजवी के हस्तक्षेप के बाद संपूर्णानगर पुलिस ने दुधवा नेशनल पार्क का डीडी बताकर पीड़िता के पिता को धमकाने वाले, पीड़िता की पिटाई करने के आरोपी सोठियाना रेंज के वन दरोगा व अन्य अज्ञात के खिलाफ थाना संपूर्णानगर पुलिस ने मारपीट, धमकी आदि में रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव विशेनपुरी निवासी मन्नू ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी पुत्री रीमा 12 जून 2024 की सुबह करीब 9 बजे अपने खेत मे फसल की रखवाली कर रही थी और बंदर भगा रही थी। इसी बीच वन दरोगा गरीबन लाल कठरिया अपने साथियों के साथ आ धमका। कहा कि खेत से बंदर क्यों भगा रही हो। पुत्री ने कहा कि बंदर हमारी सब फसल नुकसान कर देते हैं। आप लोग अपना बंदर बांध लो। इसी बात पर वन दरोगा आग बबूला हो गया और गाली-गलौज करते हुए बेटी के साथ मारपीट की। शोर होने पर आसपास की महिलाएं मौके पर पहुंची और पुत्री को बचाया। आरोप है कि वन दरोगा के साथियों ने महिलाओं को गोली मार देने की धमकी दी। मौके पर यूपी 112 पुलिस को आते देख आरोपी भाग निकले। उन्होंने गंभीर हालत में बेटी को एंबुलेंस 108 से सीएचसी पलिया में भर्ती कराया था। उनका कहना है कि घटना के कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर एक कॉल आई। कालर ने खुद को डीडी बताया और धमकाते हुए कहा कि पुलिस में शिकायत की तो तुम्हे व तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। आरोपी सार्वजनिक जगह पर उसे बार बार अपमानित कर रहे हैं। उसे आशंका है कि वन दरोगा व उच्चाधिकारी घर व रास्ते में किसी समय अनहोनी कर सकते है। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की थी। हाईकोर्ट लखनऊ के महाधिवक्ता व समाजसेवी मोहम्मद हैदर ने मामले को गंभीरता से लिया और आईजी, डीआईजी,डीएम व एसपी खीरी को एक्स पर ट्वीट करने के साथ प्रमुख सचिव वन से वार्ता की। प्रमुख सचिव वन के आदेश के बाद डीडी दुधवा ने अपने आरोपी दरोगा के खिलाफ एसडीओ को जांच सौंपी है। महाअधिवक्ता ने बताया अभी पीड़िता को पूरी न्याय नही मिला है। 164 में बयान दर्ज कराकर दरोगा पर विभागीय कार्रवाई भी कराएंगे।

# जिले में रोपे जाएंगे 91 लाख से ज्यादा पौधे

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार:** जिले में बारिश के मौसम में वृक्षारोपण जन अभियान चलेगा। इसको लेकर डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने बृहस्पतिवार को कलेक्ट्रेट में जिला वृक्षारोपण समिति संग की कर सभी विभागों का लक्ष्य निर्धारित किया। इस बार शासन से जिले को 91 लाख सात हजार 300 पौधे रोपने का लक्ष्य आवंटित है। डीएम ने कहा कि पौध रोपण करना हम सबकी मज़बूरी है, क्योकि वृक्षविहीन धरती पर मानव जीवन का अस्तित्व बच पाना संभव नहीं है। डीएफओ संजय विश्वाल ने लक्ष्य क्षेत्र चयन, गड्ढा खुदाई, नर्सरी में पौधे की तैयारी, प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दी। बैठक में डीएम ने एसएसबी को आवंटित लक्ष्य के अनुरूप 8000 पौधे लगाने के लिए कहा। इस पर एसएसबी अधिकारियों ने 51 हजार पौधे रोपित करने का संकल्प लिया। इस पर डीएम ने बल के कमांडेंट एवं जिला नोडल अधिकारी (वृक्षारोपण) देवानंद की सराहना अन्य विभागीय अधिकारियों को इनसे सीख लेने के लिए प्रेरित किया।

# एआरटीओ शाहजहांपुर के रवैये से आहत बस ऑपरेटर्स

- जनता दर्शन में पहुंचे जिलाध्यक्ष मनमीत राना, मुख्यमंत्री से की शिकायत
- डग्गामार वाहनों के संचालन पर रोक लगाने की मांग

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** जिला बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मनमीत सिंह राना बृहस्पतिवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी के जनता दर्शन पहुंचे। उन्होंने पिछले 15 से 20 सालों से लंबित समस्याओं का निराकरण कराने के साथ ही एआरटीओ शाहजहांपुर के रवैया की शिकायत की है। उनका कहना है कि एआरटीओ शाहजहांपुर दिल्ली जाने वाली बसों के चालकों व स्टाफ को प्रताड़ित कर संचालकों से अवैध वसूली करते हैं। इससे सभी बस ऑपरेटर परेशान हैं। साथ ही गत विधानसभा चुनाव के लिए ली गई निजी बसों का किराया बढ़ाकर भुगतान कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि मोटरयान अधिनियम 2002 के तहत बसों का अतिरिक्त कर, मार्ग कर, बीमा आदि का भुगतान अग्रिम जमा करने का प्राविधान है। चुनाव के समय ली जानो वाली बसों का टैक्स आदि बस मालिकों द्वारा पहले जमा किया जाता है। उधर, चुनाव में ली गई बसों का किराया भी काफी कम दिया जा रहा है। साथ ही वर्ष 2000 से चुनाव ड्यूटी में लगी बसों का किराया नहीं दिया गया है, जिसे तत्काल दिलाया जाए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में प्रमुख सचिव सहित जिले के संबंधित अधिकारियों को 17 मई और परिवहन आयुक्त को 21 मई को ज्ञापन देकर अवगत कराया था। मगर, आज तक मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिलाध्यक्ष ने सीएम योगी को ज्ञापन देकर चुनाव ड्यूटी के लिए ली गई निजी बसों का किराया बढ़ाकर छह हजार कर भुगतान करने का आदेश करन की मांग की।


मनमीत सिंह राना।

# दुधवा में राज्य पक्षी सारस की गणना शुरू

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचारः दुधवा टाइगर रिजर्व में गुरुवार से राज्य पक्षी सारस की गणना प्रारंभ हुई। भारी भरकम शरीर वाले पक्षियों की गणना में गिने जा रहे सारस पक्षी उत्तर प्रदेश में राज्य पक्षी घोषित हैं।

बता दें कि बीते सालों में सारस पक्षी की घटती संख्या पर प्रदेश सरकार गंभीर है और इनके विशेष संरक्षण पर ध्यान दिया जा रहा है। यही वजह है कि वर्ष में अब दो बार शीतकालीन व ग्रीष्मकालीन गणना की जाने लगी है। इसी के मद्देनजर दुधवा टाइगर रिजर्व सहित पूरे प्रदेश में गुरुवार से सारसों की गणना प्रारंभ की गई है। दुधवा नेशनल पार्क के भादी लाल, बांके ताल, ककरहा ताल आदि जल क्षेत्रों के अतिरिक्त इसी से सम्बद्ध किशनपुर सेंचुरी के झादीताल क्षेत्र में भी सारस बहुतायत में पाए जाते हैं। इनकी खासियत यह है कि यह अधिकतर जोड़े से ही दिखाई देते हैं। वर्षा काल में यह काफी प्रफुल्लित रहते हैं और यही इनका प्रजनन काल होने के कारण ये इसी समय अंडे दे अपनी वंश वृद्धि भी करते हैं। फिलहाल दुधवा में आज से सारस पक्षियों की गणना प्रारंभ हुई है। दुधवा के फील्ड डायरेक्टर ललित वर्मा ने बताया कि सारस पक्षी की गणना का कार्य शुरू हुआ है। गणना पूर्ण होने के बाद ही इनकी संख्या की जानकारी मिल पाएगी।


किशनपुर क्षेत्र के झादी ताल में स्वच्छंद विचरण करता सारस का एक जोड़ा।

# दो बाइकों की भिंड़त में चार लोग घायल

**संपूर्णानगर/पलिया कलां : अमृत विचार:** बुधवार शाम क्षेत्र में अचानक आई आंधी और बारिश के बीच रानीनगर- सम्पूर्णानगर मार्ग पर दो बाइकों में आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बालिका समेत चार लोग घायल हो गए। सभी घायलों को लखनऊ रेफर किया गया है। रानीनगर निवासी रमेश टेलर उर्फ निरहू अपनी पत्नी वंदना एवं बेटी खुशी के साथ सम्पूर्णानगर से बाजार कर अपने घर जा रहे थे। इसी बीच शाम करीब साढ़े सात बजे आई आंधी-बारिश के बीच रानीनगर से मिर्चिया जा रहे दिलीप सिंह की बाइक से उनकी बाइक आमने-सामने टक्कर गई। हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को पलिया सीएचसी लाया गया, जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर सभी को लखनऊ रेफर कर दिया है।

# चतुरंग दंडासन में पंकज और वृक्षासन में शुभम बने विजेता

- मंडूक यंत्र पर बने मेंढक मंदिर में लगा योग शिविर
- प्रतियोगिताओं के विजेता हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर-खीरी

**अमृत विचार:** हाइम योग एवं योग वेलनेस सेंटर के तत्वाधान में ओयल के प्राचीन मेंढक मंदिर में योग शिविर लगा। शुभारंभ मुख्य अतिथि सौरभ अवस्थी, पंकज तापड़िया व डॉ. सुमंत कुमार ने किया।

शिविर में योग एवं अल्टरनेटिव थैरेपिस्ट प्रगति बरनवाल एवं योग प्रशिक्षक प्रिंस रंजन बरनवाल ने योग एवं आसन का अभ्यास कराकर इनके लाभ बताए। इसके बाद योग प्रश्नोत्तरी व योगासन प्रतियोगिता हुई। इसमें पंकज वर्मा ने 10 मिनट चतुरंग दंडासन में स्थिर होकर प्रथम, वेद दूसरे और नितिन वर्मा तृतीय रहे। वृक्षासन में 15 मिनट एक पैर पर स्थिर रहकर शुभम गुप्ता प्रथम, रामनिवास वर्मा दूसरे व नीरज वर्मा तृतीय रहे। प्रश्नोत्तरी में रोशन कुकरेजा प्रथम, मीना दूसरे व रेशु तृतीय रहीं। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रीति शुक्ला, नूपुर गुप्ता, पारुल सिंह, राजदीपिका तिवारी, अमूलदीप तिवारी, प्रतीक तिवारी, अश्विनी राजपूत सहित रेशु उपमन्यु त्रिवेदी, सुमन राजपूत, खुशी वर्मा, अंशिका वर्मा, परमानंद वर्मा, सुलोचना वर्मा, निशा वर्मा आदि मौजूद रहे।


ओयल के मेंढक मंदिर में योग का अभ्यास करते लोग। अमृत विचार


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
## क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
दि0 29–03–2014 को उपडाकघर ग्राम व पोस्ट अमरेथु डड़िया, तहसील कादीपुर, जिला सुलतानपुर में कु0 अंशिका पुत्री प्रमोद कुमार सिंह के नाम से रू0 पचास हजार 50,000/ का वर्षीय राष्ट्रीय बचत–पत्र कय किया था आगे चलकर विद्यालय में प्रवेश के समय आधार कार्ड में अंशिका के स्थान पर शिखा सिंह लिखा दिया गया जिसके कारण राष्ट्रीय बचत पत्र का भुगतान नहीं हो पा रहा है। अंशिका एवं शिखा सिंह दोनों एक ही लड़की का नाम है।

**सूचना**
सूचित हो कि मेरा नाम हमजा हसन HMZA HASAN था। अब मैंने अपना नाम हमजा अंसार HAMZA ANSAR रख लिया है। मुझे भविष्य में हमजा अंसार HAMZA ANSAR के नाम से ही जाना जाए। **हमजा अंसार पुत्र हाजी अंसार अहमद, निवासी– 279/D भीमसेन मंदिर के सामने वाली गली, आगरा रोड, मैंनपुरी।**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **शाहीन बानो पत्नी नवाज अहमद पुत्री शहजहाँ अली, निवासिनी मो0 पुराना बाजार वार्ड नं0 8 मैलानी परगना कुकरा तहसील गोला जिला खीरी।** शादी से पूर्व मैं शाहनारा खातून के नाम जानी जाती थी। शादी के बाद मेरे अभिलेखों में शाहीन बानो अंकित है। मेरे पास कोई शैक्षिक अभिलेख नहीं मैं केवल साक्षर हूॅ। यहकि शाहनारा खातून व शाहीन बानो दोनों नाम एक ही महिला के अर्थात मेरे है। मैं इन दोनों नामों से जानी व पहचानी जाती हूॅ। भविष्य में मुझे शाहीन बानो नाम से ही जाना पहचाना जाए

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन, नि0 मो0 पठान–4, कस्बा व तह0 पलिया जिला खीरी।** मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स सं0 यू.पी. 31 20140008349 में मेरा नाम इखलाख हुसैन (IKLAKH HUSAIN) अंकित हो गया है जोकि गलत है। मेरा सही नाम इकलाक पुत्र इश्तियाक हुसैन है जो कि सही है अतः मेरा सही नाम IKLAK S/0 ISTIYAK HUSAIN ड्राइविंग लाइसेन्स पर अंकित किया जाय।

**सूचना**
सर्वसाधारण सूचित को किया जाता है। की भूमि प्रबन्धक समिति छीछेमऊ की खुली बैठक दिनांक 24– 06–2024 दिन सोमवार को की जाएगी। जिसमें आवास के लिए भूमि आवंटन व अन्य विषयों पर विचार किया जाएगा। यह सूचना ग्राम प्रधान श्रीमती राधा सोनी व लेखपाल वकार अहमद द्वारा दी गई है।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम FATIMA KHAN था अब मैंने बदलकर अपना नाम FATIMA रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।– D/O: RASHEED AHMAD, R/O: MIRZAGANJ PO MALIHABAD, LUCKNOW

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपने पुत्र हसीव पुत्र सलीम व पुत्रबधू शवनम के अलावा उसके बच्चों अय्यान, अदनान व खतीजा से संबंध विच्छेद कर रहीं हूं। इन सभी को मै अपनी चल व अचल संपत्ती से बेदखल करती हूं। उक्त सभी के कृत्यों व लेनदेन के लिए वे खुद जिम्मेदार होगें। इससे मेरा कोई वास्ता नहीं है। **–रुखसाना वेगम पुत्नी सलीम निवासी मोहल्ला काजीपुरा थाना व जिला कन्नौज।**

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे कुछ अभिलेखों में मेरा नाम पंकज कुमार लिखा है जबकि मेरा सही नाम पंकज कुमार सिंह है मुझे मेरे सही नाम से जाना व पहचाना जाय तथा अभिलेखों में यही दर्ज हो। **–प्राथी पंकज कुमार सिंह पिता श्री ईश्वर प्रताप सिंह जन्मतिथि 08/08/1980, पता–ग्राम शिवरहा पोस्ट हुजूरपुर जनपद बहराइच उत्तर प्रदेश पिन नं–271872**

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **जैनब रिजवी पुत्री सैय्यद हसन आबिद रिजवी, निवासी– 185/16/1खकान मंजिल (बगिया) वजीरगंज, लखनऊ** मेरे हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट व आधार कार्ड में मेरा नाम जैनब रिजवी तथा जन्मतिथि 17.05.2003 दर्ज है जो सत्य एवं सही है जबकि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश सैय्यद जैनब आबिद रिजवी व जन्मतिथि 18.05.2002 दर्ज जो गलत है। अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम व जन्मतिथि मेरे शैक्षिक अभिलेखों व आधार कार्ड के आधार पर जैनब रिजवी व जन्मतिथि 17.05.2003 दर्ज किया जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मैने अपने पहले पति स्व. नसीमुद्दीन से उत्पन्न पुत्र मोहम्मद अरशद और पुत्रवधू अफसाना खान का चाल–चलन अच्छा न होने के कारण संबंद्ध विच्छेद कर लिया है तथा चल–अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किसी भी नैतिक–अनैतिक समेत अन्य सभी कार्यो से मेरा कोई लेना–देना नहीं होगा। कामिनी परवीन पत्नी नफीसुल हसन निवासी– जवाहर नगर पुखरायां कानपुर देहात।
















**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

35.2⁰ अधिकतम तापमान | 26.6⁰ न्यूनतम तापमान

# सोल्डर रोटेशन से फ्रोजन सोल्डर व मकरासन से दूर हुई सर्वाइकल समस्या

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आजः निरंतर योग का अभ्यास करने से शरीर के अंग रहते हैं ऊर्जावान, जिला प्रशासन राजापुर मंडी परिसर में आज लगवाएगा योग शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** शरीर के लिए योग व्यायाम का बेहतर माध्यम ही नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए वरदान है। रोजाना कुछ समय तक योग करने से शरीर निरोगी रहता है तो वहीं तनाव दूर होने के साथ नींद भी अच्छी आती है।

योग से होने वाले फायदों को देखकर ही इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हर साल 21 जून को देश से लेकर विदेशों में योग दिवस मनाया जाता है। योग का निरंतर अभ्यास करने से सोल्डर फ्रोजन, अनिद्रा से लेकर सरवाईल की समस्या से लोगों को छुटकारा मिला है।



शहर निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर अरविंद श्रीवास्तव बताते हैं कि कंधे में दर्द शुरू हो गया। हाथ ऊपर ले जाने पर दर्द होता था। डॉक्टर ने फ्रोजन सोल्डर होना बताया। दवाओं से कुछ खास लाभ नहीं मिला। मगर, योग करने से आराम मिला।



छात्रा सविता गोस्वामी बताती है कि पढ़ाई को लेकर इतना तनाव हो गया था कि नींद न आने की समस्या हो गई थी। मगर, जब से योग करना शुरू किया है तब से तनाव से लेकर नींद न आने की समस्या से निजात मिल गई है।



शिक्षक सुभाष वर्मा बताते हैं कि कुछ दिनों से सर्वाइकल की समस्या होने लगी थी, दवाएं भी ली। मगर, पूरी तरह से लाभ नहीं मिला। हालांकि जब से योग करना शुरू किया तब से राहत मिल गई और अब समस्या से निजात भी मिल गई।

### इन रोगों में राहत देने वाले योग एवं आसन

- **गठिया–** सूर्य नमस्कार (इसमें 12 आसन होते हैं जो शरीर के सभी अंगों को ऊर्जावान करते हैं), ताड़ासन, अनुलोम विलोम, प्राणायाम, भद्रासन, वायु मुद्रा
- **मधुमेह–** भुजंगासन, मंडूकासन, धनुरासन, कपालभाति, गोमुखासन।
- **मोटापा–** कपालभाति नाड़ी शोधन, प्राणायाम, सूर्य मुद्रा, पश्चिमोत्तानपादासन, कटिचक्रासन, अर्द्ध हलासान।
- **तनाव और अनिद्रा–** अनुलोम- विलोम, भ्रामरी, प्राणायाम, शवासन, प्रणव जय, ताड़ासन, भालासान, ज्ञान मुद्रा।
- **पेट संबंधी समस्या–** अपान वायु मुद्रा, भोजन के बाद दस मिनट वज्रासन में बैठे।
- **सोल्डर फ्रोजन–** सोल्डर रोटेशन, सूक्ष्म व्यायाम।
- **सरवाईकल–** मकरासन एवं सूक्ष्म मुद्रा।



स्वस्थ रहना है तो योग को अपनी जीवन का हिस्सा बना लें। योग आसान है यह शरीर के साथ साथ मन और मस्तिष्क की सेहत को सुधारता है। लोगों में इसके प्रति जागरूकता बढ़ी है और इसके नियमित अभ्यास से बीमारियों में लाभ भी हो रहा है।

**–कुलदीप वर्मा, योग प्रशिक्षक, राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल, राजापुर**

## योग दिवस से एक दिन पूर्व तमाम लोगों ने किया योगाभ्यास

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से एक दिन पहले तमाम जगहों पर योगाभ्यास कराया गया। लोगों ने कार्यक्रम में पहुंच योग अभ्यास किया। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने कहा कि सितंबर 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने इस उत्सव के लिए 21 जून को आदर्श तिथि बताया, क्योंकि यह कई संस्कृतियों में महत्व रखती है और यह दिन उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म संक्रांति का दिन है। आचार्य चंद्रेश अग्निहोत्री ने खड़े होकर किए जाने वाले आसनों में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, बैठकर किए जाने वाले आसनों में वज्रासन, भद्रासन कराए। प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। तहसील सभागार में प्रात : छह से सात बजे तक योग शिक्षक ने अधिकारियों और कर्मचारियों को योगाभ्यास कराया। साथ ही योग से होने वाले शारीरिक लाभों की जानकारी दी।

## योग शिविरः पुलिस लाइन में नहीं राजापुर मंडी में होगा आयोजन

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी : अमृत विचार :** जिला सूचना अधिकारी एनके वर्मा ने बताया कि बारिश की संभावना को देखते हुए योग दिवस पर होने वाले कार्यक्रम का स्थल बदल दिया गया है। पहले यह कार्यक्रम पुलिस लाइन मैदान में होना था, लेकिन अब अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन राजापुर मंडी स्थल के चबूतरा नम्बर पर सुबह 06 बजे से होगा। योग शिविर को लेकर बृहस्पतिवार रात तक मंडी परिसर में तैयारियों का सिलसिला चलता रहा।

## एक नजर

### घर में घुसकर महिला से किया दुष्कर्म

**मोहम्मदी। अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने मोहल्ले में रिश्तेदारी में आए युवक पर घर में घुसकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला ने पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला ने बताया कि घटना मंगलवार की रात करीब दस बजे की है। वह अपने बच्चों के साथ घर के आंगन में सो रही थी। पति रिश्तेदारी में गया हुआ था। तभी मौका पाकर गांव की रिश्तेदारी में आए एक युवक घर में घुस आया और दुष्कर्म किया। पीड़ित महिला ने वापस लौटे पति को पूरी घटना बताई। इसके बाद कोतवाली मोहम्मदी जाकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि घटना संदिग्ध है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### पालिकाध्यक्ष ने कूलिंग पॉइंट का किया निरीक्षण

**पलिया कलां, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद पलिया कलां द्वारा हीट वेव (लू) से राहत-बचाव हेतु पालिका व्यावसायिक काम्प्लेक्स के पास बनाये गए कूलिंग प्वाइंट का पालिकाध्यक्ष केबी गुप्ता ने निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान कई पालिका कर्मी, सभासद व आम लोग मौजूद रहे।

### योग शिविर में शामिल होंगे परिवहन मंत्री

**लखीमपुर खीरी। अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज है। इसमें शासन से नामित परिवहन विभाग के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह शामिल होंगे। इसके लिए वह गुरुवार की रात ही जिले में पहुंच गए। शुक्रवार सुबह राजापुर मंडी में होने वाले दसवें योग शिविर में शामिल होकर योगाभ्यास करेंगे।

### करीब 15 घंटे बाद चालू हुई विद्युत सप्लाई

**मितौली, अमृत विचार :** बुधवार की शाम को आंधी के साथ हुई बारिश के कारण कस्बे सहित क्षेत्र के तमाम गांवों बिजली गुल हो गई। शाम करीब सात बजे से गुल हुई बिजली गुरुवार को करीब 11 बजे आई। विद्युत कर्मचारियों ने बताया कि क्षेत्र की मेन लाइन पर तेज आंधी के कारण बांस, डाले आदि गिर गई थी। इससे विद्युत सप्लाई ठप्प हो गई थी। सुबह पेट्रोलिंग कर दुरुस्त किया जा सका। उधर मेला मैदान में रखे ट्रांसफर में आई तकनीकी खराबी के कारण बमुश्किल एक घंटे तक ही सप्लाई चली।

# आंधी से दो किशोरों समेत तीन की मौत

## कई लोग घायल, बिजली आपूर्ति पटरी से उतरी, कई जगह पेड़ गिरे, भारी नुकसान

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में बुधवार की देर शाम आई तेज आंधी आफत बन गई। थाना ईसानगर क्षेत्र में दीवार गिरने से उसके नीचे दबकर एक किशोर व एक महिला की मौत हो गई। जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। थाना नीमगांव क्षेत्र में दीवार के नीचे दबकर 16 साल के किशोर जान चली गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इसके अलावा दो पशु भी काल कलवित हुए हैं। कई जगह पेड़ों के गिर गए। इससे वाहन, बिजली लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गई। केले की फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है।



निर्मल (फाइल फोटो)

बुधवार की देर शाम करीब आठ बजे जिले का मौसम अचानक बदल गया। काले घन घोर बादलों और कड़क रही बिजली के बीच चली तेज आधी ने जन सामान्य को हिलाकर रख दिया। आंधी में थाना ईसानगर के गांव मोहनपुरवा के मजरा शंकरपुर में मौजीलाल के घर की दीवार भरभराकर ढह गई, जिससे उसके नीचे दबकर उनकी पत्नी गायत्री देवी (50) की मौत हो गई। गांव गोड़वा गनेशपुर निवासी 75 वर्षीय परसादी लोध पुत्र झगरू अपने 15 वर्षीय पोते अजय कुमार पुत्र राम मंतर के साथ तालाब के किनारे झोपड़ी में मछलियों की रखवाली करने के लिए लेटे हुए थे। तेज आंधी व बारिश के कारण पड़ोस में स्थित सरकारी ट्यूबवेल की दीवार अचानक भर भराकर गिर गई। दीवार के मलबे में दबकर अजय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परसादी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। करीब छह लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची ईसानगर पुलिस ने घायल को अस्पताल भेजा। उधर, थाना नीमगांव क्षेत्र में आंधी से गिरी दीवार के नीचे दबकर गांव अमघट निवासी निर्मल (16) पुत्र संतराम की दीवार के मलबे के नीचे दबकर मौत हो गई, जबकि उसकी मां लज्जावती (41) गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला का ट्रामा सेन्टर में इलाज जारी है। तेज आंधी के कारण जिले में सैकड़ो टीन शेड व पेड़ गिरने से जनजीवन अस्तव्यस्त हो गया। संपूर्णानगर क्षेत्र के गांव सुमेरनगर में पेड़ गिरने से सुमिंद्रा (50) पत्नी जगन्नाथ घायल हो गई। वह शौचकर वापस घर आ रही थी। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

## सांड के हमले से बालक की मौत

**उचौलिया, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम बनका गांव में सांड के हमले से एक मासूम बालक की मौत हो गई। बीते मंगलवार को ग्रामवासी नाथू लाल का 9 वर्षीय बेटा अजीत खेल रहा था कि अचानक वहां पर कई सांड लड़ते हुए आ गए और बच्चा उन सांडों की चपेट में आने से घायल हो गया। पिता नाथू लाल ने हालत ठीक न होने की वजह से कहीं बाहर डाक्टरों को न दिखाकर उचौलिया मे ही दवाई ले ली और घर चला आया। दूसरे दिन बालक ठीक रहा लेकिन गुरुवार को अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई और बालक की मौत हो गई। परिवार में दो बड़े भाई हैं जो दिल्ली में काम करते हैं। बच्चे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है।

# ट्यूबवेल की गिरी दीवार किशोर की दबकर मौत



इसी दीवार के सहारे छप्पर डालकर रह रहा था परिवार। अमृत विचार

संवाददाता, ईसानगर।

- शंकरपुर में बेटे व पोती के साथ सो रही थी महिला, आंधी-बारिश में दो मौतों से लोग स्तब्ध

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गणेशपुर के मजरा गोडवा निवासी 75 वर्षीय परसादी लोध पुत्र झगरू ने तालाब में मछलियां पाल रखीं हैं। वह तालाब के किनारे मडैया डालकर दिन और रात रुककर मछलियों की रखवाली कर रहे थे। बुधवार की रात भी वह अपने 15 वर्षीय पोते अजय कुमार पुत्र राम मंतर के साथ तालाब के किनारे लेटे हुए थे। तभी आई तेज आंधी व बारिश के कारण पड़ोस में स्थित सरकारी ट्यूबवेल की दीवार अचानक भर भराकर दोनों के ऊपर गिर गई। दीवार के मलबे में दबकर अजय की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं परसादी गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

हादसे की जानकारी होने पर तमाम लोग मौते पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायल परसादी को अस्पताल में भर्ती कराया है। दूसरा हादसा मोहन पुरवा मजरा शंकरपुर में हुआ। गांव निवासी मौजी लाल की 50 वर्षीय पत्नी गायत्री देवी अपने 30 वर्षीय बेटे राजेश व 5 वर्षीय पोती अर्चना के साथ घर में सो रही थी। तेज आंधी व बारिश के कारण उनके घर की दीवार अचानक घर भरभरा कर गिर गई। जिसके मलबे में दबकर गायत्री देवी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं राजेश व अर्चना गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इससे उनके घर में कोहराम मच गया। घायलों को अस्पताल भेजा है।

### काश, मुझे जरा सा भी आभाश होता को नहीं जाता दिल्ली

**बेहजम।** किशोर की मौत और उसकी मां के घायल होने की वारदात ने गांव के लोगों को झकझोर दिया है। गांव अमघट निवासी संतराम गौतम काफी गरीब है। मेहनत मजदूरी कर उसने एक दिवार खड़ी की थी। दीवार पास बंधी एक पड़िया व एक बकरी की भी दबकर मौत हो गयी। बेटे की मौत की खबर पाकर वापस लौटे संतराम का रो-रोकर हाल बेहाल है। वह बार-बार यही कह रहा है कि उन्हें क्या पता था की बीवी बच्चों को छोड़कर बच्चों के पेट पालने के लिए मजदूरी के लिए जा रहे है। यहां उनके पुत्र की मौत हो जाएगी।

# आंधी-बारिश ने मचाई तबाही, लाखों की संपत्ति क्षतिग्रस्त

लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** जिले में बुधवार रात आंधी के साथ हुई बारिश ने जमकर तबाही मचाई। तेज हवाओं की चपेट में आकर जिलेभर में सैकड़ों पेड़ धराशायी हो गए। इनकी चपेट में आकर तमाम संपत्ति क्षतिग्रस्त होने से लोगों का लाखों का नुकसान हो गया। पेड़ गिरने से किसी की कार क्षतिग्रस्त हो गई तो किसी का मकान।

जिले में पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी एवं चिलचिलाती धूप के बीच बुधवार रात अचानक मौसम बदल गया। रात आठ बजे के करीब तेज हवाओं संग शुरू हुई बारिश आंधी-तूफान में तब्दील हो गई। बारिश और तेज हवाओं की वजह से जिले भर में आम जनजीवन अस्त व्यस्त होने के साथ लोगों का लाखों का नुकसान हो गया। पेड़ की डाल आदि गिरने से जहां लोगों के घर तक क्षतिग्रस्त हो गए तो वहीं घर के बाहर खड़े चार पहिया वाहन।



पेड़ की डाल गिरने से क्षतिग्रस्त हुई कार। अमृत विचार



पलिया के चंबरबोझ गांव में आंधी से गिरी टीन व दीवार। अमृत विचार

**पलिया-महंगापुर।** पलिया क्षेत्र में बीती रात अचानक मौसम का मिजाज बदलने से धूल भरी आंधी के साथ झमाझम बारिश होने लगी। इससे लोगों को गर्मी से राहत व किसानों को लाभ मिला है। चंबरबोझ निवासी कर्मजीत सिंह का टीननुमा घर टूटकर गिर गया। सोते वक्त टीने गिरने से करमजीत सिंह और उनकी पत्नी गुरदीप कौर, पूरन सिंह, सुखमीत सिंह, पुनीत सिंह, रशपाल सिंह आदि गंभीर रूप से घायल हो है। इनका इलाज पलिया के एक निजी अस्पताल में हो रहा है। इसमें रशपाल की हालत गंभीर है। एसडीएम पलिया कार्तिकेय सिंह ने लेखपाल कपिल वर्मा को भेजकर पीड़ितों का हाल जानने के साथ मौका मुआयना कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी है। उधर, संपूर्णानगर के गांव सुमेरनगर निवासी 50 वर्षीय सुमिंद्रा पत्नी जगन्नाथ पर आम के पेंड़ की डाल गिरने से घायल हो गई। इनका इलाज सीएचसी पर चल रहा है। एसएसबी 39वीं वाहिनी गदनिया व बमनगर पुरानी चक्की के पास 33केवी बिजली लाइन पर पेंड़ गिरने से महंगापुर एवं संपूर्णानगर उप विद्युत् केंद्र के दर्जनों गांवों की बिजली गुल हो गई।

# बिजली विभाग के लिए आफत बनी बारिश

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- एलटी एवं 11 हजार की लाइन के साथ 15 खंभे हुए क्षतिग्रस्त
- शहर की आपूर्ति बहाल होने के बाद जिम्मेदारों ने ली राहत

**अमृत विचारः** आसमान से बरसती आग और गर्म हवाओं से परेशान जिलेवासियों के लिए बुधवार रात राहत वाली रही। देर शाम अचानक तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई, जिससे गर्मी से बिलबिलाए जनपदवासियों ने राहत ली। मगर, आम जनजीवन को राहत पहुंचाने वाली बारिश बिजली विभाग के लिए मुसीबत बन गई। तेज हवाओं की चपेट में आकर करीब 15 विद्युत पोल के साथ एलटी एवं 11 हजार की लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे बिजली आपूर्ति बेपटरी हो गई। शहर के कुछ मोहल्लों में रात एक बजे बिजली आई तो कुछ में सुबह के समय। विभागीय जिम्मेदारों के मुताबिक बृहस्पतिवार सुबह पूरे शहर की बिजली आपूर्ति बहाल हो गई।

गर्मी के प्रकोप से प्रताड़ित जिलेवासी पिछले कई दिनों से गर्मी से राहत पाने के लिए बारिश का होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। उनकी यह मनोकामना बुधवार सुबह बदली होने से सच होते दिखाई दी। मगर, बारिश न होने से फिर लोग मायूस हो गए। उधर, रात आठ बजे के करीब अचानक मौसम बदला और तेज हवाओं संग बरसात शुरू हो गई। करीब आधा घंटे तक बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। बारिश और हवा के चलते रात भर मौसम ठंडा रहा। इससे लोग चैन की नींद सो सके। मगर, आम लोगों की यह राहत बिजली विभाग के लिए मुसीबत बन गई। आंधी और बारिश की वजह से जिले भर में दर्जनों पेड़ धराशायी हो गए। इनकी चपेट में आने से विद्युत पोल से लेकर लाइन तक क्षतिग्रस्त हो गई। इससे पूरे शहर की बिजली गुल हो गई। बारिश थमने के बाद कुछ हिस्सों में तुरंत तो कुछ मोहल्लों में एक बजे के करीब बिजली आ सकी।

### पांच डिग्री अधिकतम तो दो डिग्री गिरा न्यूनतम पारा

बुधवार को भीषण गर्मी की वजह से अधिकतर पारा 44 .3 और न्यूनतम पारा 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड हुआ। मगर, बुधवार रात अचानक हुई बारिश ने लोगों को ठंडक का एहसास कराया। मौसम में बदलाव का असर बृहस्पतिवार को भी देखने को मिला। बुधवार की अपेक्षा बृहस्पतिवार को धूप

> बुधवार रात आई आंधी बारिश से करीब 15 विद्युत पोल एवं एलटी व 11 हजार लाइन क्षतिग्रस्त हुई थी, जिससे कुछ देर के लिए बिजली आपूर्ति बाधित रही। देर रात में ही शहर की आपूर्ति बहाल हो गई थी। वहीं बृहस्पतिवार सुबह क्षेत्र की आपूर्ति भी बहाल करा दी गई।
>
> **–शैलेंद्र कुमार, एक्सईएन विद्युत वितरण खंड प्रथम**

# लखीमपुर पहुंची पीलीभीत पुलिस ने शुरू की जांच

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- घटना स्थल पहुंचकर ग्रामीणों के दर्ज किए बयान, नर्सिंग छात्रा के अपहरण का मामला

**अमृत विचारः** पीलीभीत से अपहृत कर कार से लखीमपुर में सड़क पर फेंकी गई छात्रा के मामले में पीलीभीत पुलिस की दो टीमें गुरुवार को घटनास्थल पहुंची। टीमों ने घटना स्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से जानकारी ली और उनके बयान दर्ज किए। जांच-पड़ताल के बाद टीमें वापस लौट गईं।

पीलीभीत के थाना उत्तरी सेहरामऊ क्षेत्र की एक 17 वर्षीय नर्सिंग की छात्रा 12 जून की शाम करीब पांच बजे पीलीभीत शहर के आसाम चौराहा से मैजिक में सवार होकर घर के लिए निकली थी, लेकिन वह घर नहीं पहुंची थी। अगले दिन उसके पिता ने छात्रा की गुमशुदगी थाना उत्तरी सेहरामऊ में दर्ज कराई थी। बुधवार की सुबह कार सवार छात्रा को शहर से करीब चार किलोमीटर दूर लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन पर गांव चिमनी के पास बदहवास हालत में फेंक कर भाग निकले थे। छात्रा की हालत काफी गंभीर थी। वह अपना नाम व पता बताने के अलावा आगे कुछ बोल नहीं पा रही थी। सूचना पर पहुंची यूपी पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। बाद में मेडिकल परीक्षण के लिए उसे जिला महिला अस्पताल भेजा था। सूचना पर पहुंची थाना उत्तरी सेहरामऊ पुलिस छात्रा को उसके परिवार वालों के साथ वापस पीलीभीत ले गई थी। घटना के बाद समूचे क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। गुरुवार को पीलीभीत पुलिस की दो टीमें लखीमपुर पहुंची। टीमें गांव चिमनी पहुंची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। लोगों से भी घटना के बाबत जानकारी की। जांच पड़ताल करने के बाद टीमें वापस पीलीभीत लौट गईं। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि पीलीभीत पुलिस आई थी। वह घटना स्थल से जांच कर वापस लौट गई है।

### पीलीभीत पुलिस के पाले में गेंद डालकर जांच से खीरी पुलिस ने झाड़ा पल्ला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** पीलीभीत की नर्सिंग छात्रा के अपहरण मामले में थाना खीरी पुलिस ने गेंद पीलीभीत पुलिस के पाले में फेंकते हुए इस मामले से अपना पल्ला झाड़ लिया है। यही वजह है कि गंभीर मामला होने के बाद भी थाना खीरी पुलिस ने 48 घंटे बाद कोई जांच-पड़ताल नहीं की। पुलिस ने यह जानने की कोशिश भी नहीं की आखिरकार कार किस कलर की थी और कौन सी थी। वह किधर से आई और किधर चली गई। इसको जांचने के लिए पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे तक भी नहीं खंगाले हैं। बिना जांच-पड़ताल के खीरी थाना पुलिस मामले को झूठा साबित करने का प्रयास कर रही है। पुलिस का कहना है कि छात्रा को कार से नहीं फेंका गया था, बल्कि छात्रा स्वंय पैदल चलकर आई थी। एसओ अजीत कुमार ने बताया कि लड़की खुद ही पैदल चलकर पहुंची थी। मामला पीलीभीत का है। छात्रा की थाना उत्तरी सेहरामऊ में गुमशुदगी दर्ज है। वहीं की पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# बाघ ने दो पालतू बैलों को बनाया निवाला, दहशत

संवाददाता, बिलहरी

**अमृत विचारः** महेशपुर रेंज की कैमहरी गांव आबादी के पास एक खेत में बाघ ने दो बैलों को अपना निवाला बना डाला। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने बाघ होने की पुष्टि करने के बाद लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

ग्रामीणों के मुताबिक सुबह गांव से महज 500 मीटर दूर अल्लीपुर निवासी संजय लाला के खेत में दो बैलों के अधखाये शव देखे गए। जिससे ग्रामीणो मे हड़कंप मच गया। बैलो के मालिक रामनरेश ने बताया कि उसने अपने बैल रात सात बजे घर के बाहर पशुशाला मे बांधें थे। रामनरेश उन बैलो से जुताई का काम कर अपनी रोजी-रोटी चलाता था। सुबह पांच बजे उठकर देखा तो पशुशाला में बैल नहीं थे। काफी खोजबीन करने पर पता चला कि एक खेत में दोनों बैलों के अधखाए शव् पड़े हैं। खेत में बाघ के पगचिन्ह भी मिले, जिसके बाद वन विभाग को सूचना दी गई। वन विभाग ने मौके पर पहुंच कर बाघ होने की पुष्टि कर ग्रामीणों को सतर्क करते हुए कृषि कार्य के लिए ग्रामीणों को समूहों में निकलने की सलाह दी। डिप्टी रेंजर रामनरेश वर्मा ने बताया कि दोनां बैलो को बाघ ने ही मारा है। बाघ की मॉनिटरिंग की जा रही है। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

# खेत में मिली बेशकीमती गणेश प्रतिमा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

- चोरी कर खेत में रखे जाने का संदेह, जांच में जुटी पुलिस
- बाइक सवार दो संदिग्धों की तलाश में जुटी पुलिस

**अमृत विचारः** थाना खीरी की पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव के निकट गन्ने सड़क किनारे के खेत में बोरी के भीतर रखी वेशकीमती गणेश प्रतिमा को देखे जाने से हड़कंप मच गया। मूर्ति का वजन करीब 20 किलो बताया जा रहा है। आशंका जताई जा रही है कि बरामद मूर्ति कहीं से चोरी की गई है और उसके अष्टधातु के होने का अनुमान है। पुलिस ने मूर्ति को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

गांव मोहम्मदाबाद के पूरब दिशा की तरफ शहीद बाबा की मजार है। गुरुवार की सुबह गांव के कुछ बच्चे मजार की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर सड़क किनारे स्थित इनामुल के खेत में रखी एक बोरी पर पड़ी। बच्चों ने इसकी जानकारी आसपास के लोगों को दी। सूचना पाकर ग्राम प्रधान संतोष वर्मा समेत तमाम लोग मौके पर पहुंच गए। जब लोगों ने बोरी खोलकर देखा तो उसमें बड़े आकर्षक ढंग से बनी विशालकाय गणेश की मूर्ति रखी थी। भगवान गणेश की एक उंगली का कुछ भाग गायब था। उनके मूस की पूंछ भी आधी कटी हुई थी। यह देख लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण



गन्ने के खेत में रखी गणेश प्रतिमा।

किया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि यह मूर्ति अष्टधातु से निर्मित है। उसका वजन करीब 20 किलोग्राम है। पुलिस ने मूर्ति को कब्जे में लिया है और जांच शुरू कर दी है। उधर मौके पर मौजूद कुछ महिलाओं ने बताया कि वह सुबह पशुओं के लिए पास में ही पशुओं के लिए चरी काट रहीं थीं। तभी दो युवक हेलमेट लगाकर बाइक से आए। काफी देर तक इधर-उधर खेत के चक्कर लगाते रहे। इसी बीच कई बच्चे आ गए और बोरी के पास पहुंच गए। इस पर दोनों युवक बाइक समेत चले गए। इससे आशंका जताई जा रही है कि मूर्ति को कहीं से चोरी कर लाया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष खीरी अजीत कुमार ने बताया कि प्रतिमा मिलने की जानकारी पर मौका मुआयना किया गया। मूर्ति करीब 20 किलोग्राम है और चार फिट लंबी है, जो पीली धातु की बनी है। मूर्ति को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# रेलवे ट्रैक के किनारे मिला बीमा एजेंट का शव

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** लखनऊ बरेली रेल प्रखंड पर कोतवाली क्षेत्र में भूतनाथ रेलवे क्रासिंग के पास एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में ट्रैक के किनारे पाया गया, जिसकी शिनाख्त गोला निवासी मृतक के फुफुरे भाई वरुण पांडेय ने ग्राम बस्तौली निवासी जयशंकर शुक्ला (46) पुत्र बालकराम शुक्ला के रूप में की है।

गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र में भूतनाथ क्रॉसिंग के पास केएम 167/4-5 के पास शव पड़ा देखा गया तो गेट नम्बर 156/सी के कीमैन रामप्रताप सिंह ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को शिनाख्त करने की भरसक कोशिश की, पर शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। जब रेलवे ट्रैक के किनारे शव पड़ा होने की नगर में चर्चा हुई तो अलीगंज रोड निवासी मृतक के फुफेरे भाई वरुण पांडे ने मौके पर पहुंचकर शव देखकर पहचान की। उन्होंने बताया कि भीरा थाना क्षेत्र के ग्राम बस्तौली निवासी उनका ममेरा भाई जयशंकर बुधवार की सुबह 11 बजे गांव से निकला था, जो घर वापस नहीं पहुंचा। जयशंकर बीमा एजेंट है, वह रेलवे ट्रैक के पास कैसे पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## एक नजर

### हरियावां क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन 24 को

**हरदोई।** खण्ड विकास अधिकारी हरियावां ने बताया कि हरियावां क्षेत्र पंचायत की बैठक 24 जून को पूर्वान्ह 11 बजे से ब्लॉक प्रमुख रामदयाल की अध्यक्षता में सभागार में आयोजित होगी।

### प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक कल व द्वितीय 29 जून को

**हरदोई।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रोहताश कुमार ने बताया है कि आगामी 1 से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए प्रथम अन्तर्विभागीय बैठक 22 जून को अपरान्ह 4 बजे तथा द्वितीय अन्तर्विभीय बैठक 29 जून को अपरान्ह 4 बजे जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वामी विवेकानन्द सभागार में आयोजित की गयी है।

### बैठक आज

**हरदोई।** उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष विमलेश दीक्षित ने बताया कि व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा करते तथा संगठन के विस्तार के लिए बैठक शुक्रवार को बुलाई गई है। डीएम चौराहे पर स्थित एक ट्रैक्टर एजेंसी पर आयोजित इस बैठक में व्यापारियों की तमाम समस्याओं के निरस्तारण की रणनीति भी बनाई जाएगी।

### नाबालिग बेटी को भगा ले जाने का लगाया आरोप

**हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम सभा कोरिहाना निवासी महिला की नाबालिग पुत्री को गांव के कुछ लोग बहला भगा ले गए हैं। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पीड़ित महिला ने बताया कि उसकी 14 वर्षीय बेटी को गांव के लोग रामनिवास, लालता व गुड्डू घर में बेटी को अकेली पाकर फुसलाकर भगा ले गए हैं। पीड़ित मां ने आशंका जताई है यह लोग दबंग व अपराधिक प्रवृत्ति के हैं। पुत्री के साथ अनहोनी घटना को अंजाम दे सकते हैं। आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने पर सुनवाई नहीं हो रही है। पीड़ित महिला न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रही है।

# 18 घंटे से लापता बालिका का शव खेत में मिला

## दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका, मुंह में ठूंसी गई थी गन्ने की पतावर, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** घर से महुआ बीनने निकली बालिका लापता हो गई। काफी तलाश के बाद उसका कोई सुराग नहीं लगा। गुरुवार की सुबह तकरीबन 18 घंटे बाद उसका शव गन्ने के खेत में पतावर से ढका हुआ देखा गया। उसके मुंह में भी पतावर ठूंसी गई थी। शव देख कर दुष्कर्म के बाद हत्या किए जाने की अटकलें लगाई जा रही हैं। इसका पता होते ही एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी, एएसपी पश्चिमी व सीओ हरियावां मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पूरी स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।



घटनास्थल पर जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

बताया गया है कि टड़ियावां थाने के गढ़ी निवासी राजेश के दो बेटी और एक बेटा है। 7 वर्षीय बेटी सत्यमा गांव के प्राथमिक विद्यालय की छात्रा थी। सत्यमा बुधवार को घर से महुआ बीनने के लिए निकली थी,उसके बाद वापस नहीं लौटी। उसके बाद से तलाश की जा रही थी। गुरुवार की सुबह गांव के पश्चिम नाले के बगल वाले गन्ने के खेत में पतावर से ढका हुआ उसका शव देखा गया। उसके मुंह में भी पतावर ठूंसी हुई थी, कुछ चोटें भी दिखाई दी। इसका पता होते ही वहां काफी भीड़ लग गई। भीड़ में शामिल लोग दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या किए जाने की अटकलें लगा रहे थे। एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी ने छात्रा के पिता से बातचीत, एएसपी पश्चिमी एमपी सिंह, सीओ हरियावां व एसएचओ टड़ियावां अशोक कुमार सिंह के अलावा फोरेंसिक टीम वहां पहुंच गई। बालिका की हत्या को लेकर पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। एसएचओ टड़ियावां का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

### मीडियाकर्मियों को रोकने लेकर पुलिस ने दी सफाई

गन्ने के खेत में छात्रा का शव पड़ा होने का पता होते ही वहां मीडिया भी पहुंची, लेकिन पुलिस ने उसे आगे बढ़ने से रोक दिया गया। जिस पर चक-चक होने लगी, उसी बीच पुलिस की मीडिया सेल ने अपनी सफाई में कहा कि भीड़ की वजह से की जा रही जांच में रुकावट पैदा हो रही थी,इसी वजह से वहां बढ़ती भीड़ से दूर रहने को कहा गया था,मीडिया को नहीं रोका गया था।

# प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष की गाड़ी पर हमला, दी तहरीर

संवाददाता, भरखनी, हरदोई



पुलिस को शिकायती पत्र देने पहुंचे पीड़ित।

**हवाई फॉयर करने का भी आरोप**

**अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र में प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष की गाड़ी पर घात लगाए बैठे आरोपियों ने हमला कर दिया। हालांकि वह हमले में बाल-बाल बच गए लेकिन गाड़ी का शीशा टूट गया। उन्होंने आरोपियों पर हवाई फायरिंग करने का भी आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

पाली थाना क्षेत्र के खैरापुर गांव निवासी सत्यपाल सिंह ने बताया कि वह प्रधान संघ के भरखनी ब्लाक अध्यक्ष हैं। बुधवार शाम को वह पाली से अपने गांव जा रहे थे, तभी रास्ते में प्रशांत का फोन आया और उनकी लोकेशन पूछी। कुछ आगे चलने पर बड़ा गांव देवी मंदिर मोड़ पर प्रशांत यादव, बाला यादव, छोटे, लवेश व अमित आदि नाजायज हथियार लिए घात लगाए खड़े थे और उनकी गाड़ी पर हमला कर दिया। उन्होंने गाड़ी आगे बढ़ाई तो आरोपियों ने तमंचे की बट से गाड़ी का शीशा तोड़ दिया। ग्रामीणों के आ जाने पर आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले।

# पतंजलि की ओर से कराया गया प्रोटोकॉल योग रिहर्सल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** हर वर्ष की भांति योग सप्ताह के तहत पतंजलि महिला जिला प्रभारी विनीता पांडे एवं सहयोगी बहनों ने महाराज सिंह पार्क में प्रोटोकॉल योग रिहर्सल करवाया गया। इसका उद्देश्य यह था कि सभी 21 जून को अपने गांव में गलियों में घर में योग करें। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने भी बैठक की थी कि योग को जन-जन तक पहुंचना है, वहीं पतंजलि परिवार का भी यही उद्देश्य रहा है कि निशुल्क योग करके लोग रोगों को दूर भगाएं और अपनी ऋषि परंपरा को आगे बढ़ाएं। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती वर्मा ,नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. चित्रा मिश्रा, भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा अलका गुप्ता, गुरु गोरखनाथ के प्रबंधिका एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़ी हुई अनुराधा मिश्रा एवं जिला प्रभारी हरिवंश सिंह , युवा प्रभारी सोनू गुप्ता सभी ने दीप प्रज्वलन करके योग प्रोटोकॉल का शुभारंभ किया। इस मौके पर संस्था की महिला पदाधिकारी बहनें महामंत्री विजयलक्ष्मी, कोषाध्यक्ष अनीता मिश्रा, नगर अध्यक्ष सुधा गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष आरती गुप्ता, सह संगठन मंत्री मीनू सैनी, मीडिया प्रभारी योग शिक्षिका कंचन गुप्ता बीना त्रिपाठी , पुष्पा मिश्रा, शशि बहन, सरस्वती आदि मौजूद रहे।

# पुलिस लाइन ग्राउंड पर होगा सामूहिक योग

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित होने वाले योग दिवस की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक हुई। डीएम ने कहा कि योग कार्यक्रम पुलिस लाइन ग्राउंड में किया जायेगा और इसके लिए मुख्य योग स्थल पर टेन्ट आदि की व्यवस्था कर लें।

कहा कि योग के लिए उचित स्थान पर मंच बनवाएं तथा माइक की व्यवस्था के साथ पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाये। योग कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों की प्रतिभागिता सुनिश्चित कराई जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि योग कार्यक्रम में सभी जिला स्तरीय अधिकारी स्वयं प्रतिभाग करने के साथ कार्यालय स्टॉफ को प्रतिभागिता के लिए प्रेरित करें। योग स्थल पर एक सेल्फी प्वाईंट बनवाया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सुशील कुमार त्रिवेदी, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



योग दिवस की तैयारियों को लेकर गुरुवार को बैठक को संबोधित करते डीएम एमपी सिंह। अमृत विचार

**योग- स्वयं और समाज के लिए**

जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि 21 जून को दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रात: 5.30 से 7 बजे तक स्पोर्ट्स स्टेडियम के स्थान पर पुलिस लाइन ग्राउंड में योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। बताया कि इस वर्ष के योग दिवस की थीम योग- स्वयं और समाज के लिए है। समाज हर व्यक्ति आज स्वस्थ रहना चाहता है। योग लोगों को स्वस्थ बनाये रखने का एक अच्छा तरीका है।

### गीले कचरे का निस्तारण खुद करें प्रतिष्ठान

**हरदोई, अमृत विचार।** अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विनोद सोलंकी ने समस्त प्रतिष्ठानों, दुकानों, संस्थाओं से कहा है कि जिन प्रतिष्ठानों/दुकानों/संस्थाओं के द्वारा लगभग 100 किलोग्राम कचरा प्रतिदिन उत्सर्जित किया जाता है। वह ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम 2016 के तहत ठोस बल्क वेस्ट जेनरेटर की श्रेणी में आता है। ठोस अपशिष्ट जेनरेटर स्वयं अपने स्तर पर ही गीले कचरे का निपटान करेंगे तथा सूखे कचरे को नगर पालिका परिषद को प्रदान करेंगे। नगर पालिका परिषद द्वारा चिन्हित किये जाने पर ठोस प्रबंधन अधिनियम 2016 के अंतर्गत कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूल किया जायेगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं प्रतिष्ठान का होगा।

# नालों व नालियों की जल्द कराएं साफ-सफाई

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक नगर पालिका के बोर्ड हाल में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष नसरीन बानो ने की। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी भी मौजूद रहे। बोर्ड में सड़क निर्माण, नाली निर्माण, प्रकाश, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्यों के लिए कई प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किए गए।

गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे नगर पालिका परिषद के सभागार कक्ष में पालिका अध्यक्ष नसरीन बानो की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि सभी वार्डों की साफ-सफाई व्यवस्था का उचित ध्यान रखा जाये, इसके लिए वार्ड के सुपरवाइजर सजग रहें, बरसात से पहले नगर के नालो और नालियों की सफाई व्यवस्था समुचित रूप करवाई जाये। अगर सफाई से जुड़ी कोई शिकायत आती है तो सम्बन्धित कर्मचारियों पर कड़ी कार्रवाही की जाएगी। इस दौरान वर्ष 2024-2025 की आय व व्यय का बजट पास किया गया। जिसमें पालिका की आय 65 करोड़ 27 लाख 30 हजार रुपये तथा व्यय 64 करोड़ 83 लाख 70 हजार रुपये का अनुमोदन किया गया। कुल 43 लाख 60 हजार का लाभ का बजट ध्वनि मति से पास हुआ। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष ने दो ट्रैक्टर, दो मैजिक गाड़ी, 16 ई-रिक्शा के साथ 160 रिक्शा ठेली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बोर्ड बैठक में 90 मानचित्रों को स्वीकृति दी गईं। नगर की पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने के लिए 35 फ्रीजर सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाने की जानकारी दी गई। बोर्ड बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी आर आर अम्बेश द्वारा किया गया। बैठक में रतीराम, नैना कुशवाहा, आदित्य, अहिवरन, प्रीति, पूनम गुप्ता, इमरान खां, इच्छाराम आदि सभासद सहित लेखाकार असद खां व राजस्व निरीक्षक अनस खां मौजूद रहे।



नगर पालिका की बोर्ड बैठक में अध्यक्ष नसरीन बानो और अधिशासी अधिकारी।

# तांगे से भिड़ी बाइक, महिला की हुई मौत व बेटा घायल

संवाददाता, हरदोई/पाली

**अमृत विचार।** बेटी का हालचाल लेने उसकी ससुराल गई मां अपने बेटे के साथ वापस लौट रही थी,उसी बीच पाली-शाहाबाद रोड पर गोपालपुर पेट्रोल पंप के पास उसकी बाइक तांगे से टकरा गई,जिससे दोनों मां-बेटे ज़ख्मी हो गए,जिन्हें शाहाबाद सीएचसी पहुंचाया गया, जहां मां ने दम तोड़ दिया,बेटे का इलाज चल रहा है।

जानकारी के अनुसार लखीमपुर खीरी जिले के बरखेड़िया थाना पसिगवां के महेश की पत्नी सुनीता (46) दो दिन पहले पाली कस्बे के मोहल्ला काजी सराय में अपने दामाद के घर गई थी। गुरुवार की सुबह अपने बेटे रवि (22) के साथ बाइक से घर वापस जा रही थी। उसी बीच पाली-शाहाबाद रोड पर गोपालपुर पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंचते ही रवि की बाइक सामने से आ रहे तांगे से टकरा गई। जिससे सुनीता और उसका बेटा रवि घायल हो गया। पुलिस ने दोनों को एम्बुलेंस-108 से शाहाबाद सीएचसी पहुंचाया, जहां सुनीता की मौत हो गई। रवि का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए हादसे की जांच शुरू कर दी है।

## सार-संक्षेप



उर्स में कव्वाली करते कव्वाल। अमृत विचार

### मोहब्बत के साथ मनाया गया उर्स नसीरी

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** 7 बिलग्राम में दो दिवसीय उर्स नसीरी का समापन हुआ। उर्स नसीरी में बाद नमाज़-ए-मगरिब नसीरी कांफ्रेंस हुई सरकार सैय्यद शाह मोहम्मद अफसर अली नसीरी चिश्ती सज्जादानशीन खानकाहे नसीरिया चिश्तिया ने बयान किया। कहा सूफियों का पैगाम ही मोहब्बत है मोहब्बत सबके लिए नफरत किसी से नहीं खानकाहे नसीरीया गगां जमनी तहज़ीब की मिसाल है मुल्क के लिए दुआ की गई। रात 11 बजे महफ़िल-ए-समां कव्वाली हुई। जिसमें कव्वाल शबी नसीरी, गुफरान खैराबादी अहद चिश्ती ने कलाम पेश किए। उर्स महफ़िल में जलवा अफरोज़ सज्जादानशीन, सैय्यद अफसर अली, नसीरी चिश्ती, सैय्यद करम नसीर उर्स में दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब, कानपुर, लखनऊ व शाहाबाद से लोग पहुंचे। सैय्यद काशिफ अली नसीरी, सैय्यद बासिर नसीर, सैय्यद औसाफ नसीर, सैय्यद नदीम नसीर, सैय्यद दानिश नसीरी, फुरकान नसीरी, मतीन मियां, माजू नसीरी, अबरार नसीरी, हारुन नसीरी, वहीद नसीरी में आदि लोग मौजूद रहे।

### ऑटो व ई-रिक्शा की टक्कर में व्यक्ति का हाथ कटा

**पाली, हरदोई, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र में बेगराजपुर के पास हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति का का हाथ कट गया जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। दो बच्चों को भी मामूली चोटें आई हैं। घायलों को सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने नजदीकी सीएचसी भेजा है। गुरुवार शाम को एक ई-रिक्शा पाली से शाहाबाद मार्ग पर जा रहा था तभी बेगराजपुर गांव के पास शाहाबाद की ओर से आ रहे ऑटो से उसकी टक्कर हो गई। ऑटो में आधा दर्जन से अधिक सवारियां बैठी थी, जबकि ई-रिक्शा में सिर्फ चालक मौजूद था। दुर्घटना में भरखनी गांव निवासी सुरेश का हाथ कटकर अलग हो गया। वहीं पाली कस्बे के मोहल्ला शेख सराय निवासी बबली पत्नी सहरोज अली गंभीर रूप से घायल हो गई। साथ ही दो बच्चे भी चोटिल हुए हैं। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने घायलों को ऑटो से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दुर्घटना के बाद ई रिक्शा लेकर चालक फरार हो गया था। ऑटो को पुलिस ने अपने कब्जे में लिया है। घायल सुरेश की हालत नाजुक बताई गई है।



महिला को घरेलू गैस के सुरक्षित उपयोग की जानकारी देते कर्मचारी।

### डोर-टू-डोर नि:शुल्क गैस चूल्हा व पाइप की जांच

**मल्लावां, हरदोई, अमृत विचार।** मल्लावां इण्डेन गैस सर्विस द्वारा उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर गैस चूल्हा व पाइप लाइन की जांच की जा रही है। ताकि उपभोक्ता सुरक्षित रह सकें और कोई अनहोनी की घटना सामने न आए। इसी क्रम में गुरुवार को गुरुवार को फील्ड अधिकारी विशाल पोरवाल ने घर घर जाकर निरीक्षण किया और उपभोक्ताओं को सुरक्षित उपयोग के उपाय बताये। श्री पोरवाल बताया कि कर्मचारी घर-घर जाकर नि :शुल्क में गैस चुल्हा पाइप की जांच कर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इस अभियान में ग्राहकों के खराब पाइप और नान स्टैंडर्ड पाइप को बदला जा रहा है। पाइप के लिए ग्राहकों का इसका मूल्य भुगतान करना पड़ेगा। इस जांच के लिए ग्राहकों को भुगतान करना पड़ता था अभी यह सुरक्षा जांच बिल्कुल मुफ्त में की जा रही है। प्रबंधक अवधेश कटियार ने ग्राहकों से अपील की कोई भी ग्राहक बाजार से गैर मानक नकली होज पाइप का खरीद कर उपयोग न करें। होज पाइप गैस एजेंसी से ही ले।



दुकान पर छापा मारकर प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त करते अधिकारी।

### प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ चलाया अभियान

**हरदोई, अमृत विचार।** प्रदूषण बोर्ड से आए कर्मचारी ने नगर पालिका कर्मचारियों के साथ मिलकर पालीथिन व थर्माकोल के दुकानों पर छापेमारी की। साथ ही पालीथिन का प्रयोग न करने को जागरूक किया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से आए आरके मिश्रा के नेतृत्व में पालीथिन के खिलाफ जांच की गई। इसी क्रम में रेलवेगंज व मुन्ने मियां चौराहे पर पालीथिन व थर्माकोल का उत्पाद बेचने वाली दुकानों पर छापेमारी की गई। जिसमें पांच किलो पालीथिन व थर्माकोल दुकानों से जब्त किया गया तथा छह हजार रुपये जुर्माना लगाया गया। टीम ने दुकानदारों व ग्राहकों को पालीथिन का प्रयोग न करने के लिए जागरूक किया। कार्यवाही के दौरान प्रदूषण बोर्ड के सुशील शुक्ला, वीएस द्विवेदी के अलावा नगर पालिका के अनिल यादव तथा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# बीमारी से होमगार्ड की मौत, दी अंतिम सलामी

संवाददाता, हरियावां, हरदोई

**अमृत विचार।** बीमारी से जूझ रहे होमगार्ड की लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में मौत हो गई। कंपनी कमांडर ने जवानों के साथ साथी होमगार्ड को अंतिम सलामी देने के बाद पार्थिव शरीर को कंधा दिया। कहा कि जल्द ही 5 लाख की आर्थिक सहायता और मृतक आश्रित को नौकरी दिलाई जाएगी।

हरियावां थाने के चिरैया झाला निवासी होमगार्ड विमलेंद्र प्रकाश की बीमारी के चलते बुधवार को लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। ऐसी खबर सुनते ही होमगार्ड जवान सदमें में डूब गए,वहीं विमलेंद्र की पत्नी व बेटियों का रो-रो कर बुरा हाल है। वह अकेला कमाने वाला था, उसकी चार बेटियां है। कंपनी कमांडर अखिलेश पाण्डेय ने होमगार्ड जवानों के साथ विमलेंद्र को अंतिम विदाई देने पहुंचे। उन्होंने पार्थिव शरीर को कंधा भी दिया। कंपनी कमांडर ने मृत होमगार्ड के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि विमलेंद्र की मौत अपूर्णीय क्षति है। उन्होंने एक कर्तव्य परायण सच्चा साथी को खो दिया है। कंपनी कमांडर ने जल्द ही पांच लाख रुपये की आर्थिक मदद और मृतक आश्रित को नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया। इस दौरान प्लाटून कमांडर शिवा जी सिंह, विजय कुमार, होमगार्ड वीरेश कुमार, मायाप्रकाश, पंकज कुमार, जगदीश, अमर बहादुर सिंह, मुनेंद्र सिंह, रमेश, धीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।



होमगार्ड विमलेंद्र



होमगार्ड को सलामी देते कंपनी कमांडर व साथी जवान। अमृत विचार

**सहूलियत** अब 50 से बढ़कर 100 बेड की जाएगी क्षमता, मरीजों को होगी सुविधा

# सीएचसी संडीला में 50 बेड का बनेगा एक और अस्पताल

संवाददाता, संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** सीएचसी में अब मरीजों को भर्ती करने में स्वास्थ्य कर्मियों को परेशानी नहीं होगी, इसके लिए परिसर में अलग से 25 करोड़ रुपए की लागत से 50 बेड का तीन मंजिला एक और अस्पताल बनाया जा रहा है। अब सीएचसी 100 बेड से अच्छादित अस्पताल हो जायेगा। भविष्य में एक ही छत के नीचे आईसीयू जैसी सुविधाएं मिलने की भी उम्मीद है।

हरदोई लखनऊ के बीच नेशनल हाइवे पर स्थित होने के कारण सीएचसी का महत्व बढ़ जाता है।




सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सण्डीला।

अस्पताल में अभी तक 50 बेड पर मरीजों का इलाज किया जाता था। अब 50 बेड का एक और वार्ड जुड़ने से मरीजों को फायदा होगा। निर्माणाधीन अस्पताल के प्रथम तल पर 50 बेड का वार्ड बनाया जायेगा और ऊपर के दो मंजिलों का उपयोग भविष्य में आईसीयू एवम अन्य सुविधाओं के उपयोग में लाया जा सकता है। परियोजना प्रबंधक जे एन चक्रवर्ती ने बताया कि अस्पताल भवन जून 2024 तक बनकर तैयार हो जायेगा।

सीएचसी में बेड की संख्या बढ़ने से स्वास्थ्य सुविधाएं तो बेहतर होंगी इसके साथ विशेषज्ञ चिकित्सक भी आयेंगे जिससे छोटी छोटी बीमारियों के मरीज रेफर कर दिए जाते है उन्हे लखनऊ हरदोई नहीं जाना पड़ेगा और उनका इलाज सीएचसी में ही हो जायेगा।

### सांसद अशोक रावत ने किया था शिलान्यास

मिश्रिख सांसद अशोक रावत के प्रयासों से सीएचसी में 50 बेड का अतिरिक्त वार्ड निर्माणाधीन है उनके द्वारा शिलान्यास भी किया गया था। उन्होंने बताया संडीला में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं लोगो को मिले यही हमारा प्रयास रहेगा।

### काफी दिनों से रुका हुआ है अस्पताल का निर्माण कार्य

सीएससी संडीला में काफी दिनों से 50 बेड का अस्पताल का कार्य रुका हुआ है जेई यूपी पीसीएल श्याम नारायण बताया की दूसरी किश्त जारी न होने के कारण अस्पताल में कार्य रुका हुआ है, परंतु जल्द से जल्द दूसरी किश्त आने पर अस्पताल का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**हरदोई।** सीतापुर स्थित अपने घर जा रहे बाइक सवार युवक को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की मौत हो गई। सीतापुर जिले के औरंगाबाद थाना संदना निवासी 25 वर्षीय ताजेब पुत्र असलम सण्डीला गया हुआ था। गुरुवार को बाइक से अपने घर जा रहा था, उसी बीच बेनीगंज कोतवाली के हुलासपुर पुलिया के पास पहुंचते ही ट्रक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे ताजेब बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए एम्बुलेंस-108 से कोथावां सीएचसी पहुंचाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है। हादसे की जानकारी परिजनों को दी गई है।

## एक नजर

### शौच के लिए जाते समय ट्रेन की चपेट में मजदूर की मौत

**हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र कछौना के अंतर्गत ग्राम सभा गाजू के ग्राम बहदिन में युवक की खुले में शौच जाते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। कोतवाली कछौना के ग्राम सभा गाजू के ग्राम बहदिन निवासी रामखेलावन (45) बुधवार की रात रेलवे ट्रैक पार कर शौच के लिए जा रहा था। इसी दौरान सीतापुर से बालामऊ आ रही ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। उसके चार बच्चे हैं। राम खेलावन मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब का आदी था।

### चोरी के माल के साथ दुकान का सेल्समैन गिरफ्तार

**पाली, हरदोई।** पाली थाना पुलिस ने क्षेत्र के सरसई गांव स्थित देसी शराब की दुकान में चोरी का खुलासा किया है। एक आरोपी सेल्समैन को चोरी के माल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से भरखनी के जूनियर हाईस्कूल से चोरी हुआ एक जनरेटर मय अल्टीनेटर भी बरामद हुआ है। ज्ञात हो कि दुकान से शराब की पेटी और रुपए चोरी हो गए थे, दुकान के सेल्समैन ने इसकी सूचना थाने में दी। जांच पड़ताल करने पहुंची पुलिस टीम को घटना संदिग्ध प्रतीत हुई, वहीं शराब दुकान के ठेकेदार पीयूष पांडेय निवासी जनपद बुलंदशहर ने बुधवार को थाने में अपने सेल्समैन प्रदीप मिश्रा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके चंद घंटे में ही चोरी की इस वारदात का खुलासा कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय ने गुरुवार को बताया कि उपरोक्त चोरी की वारदात के खुलासे के लिए थाने की पुलिस टीम लगी हुई थी, तभी मुखबिर द्वारा मिली सूचना के आधार पर बुधवार रात को सरसई जाने वाली सड़क से पहले पुलिया पर प्रदीप मिश्रा पुत्र रमेश चंद्र निवासी ग्राम बमटापुर नंदगांव थाना हरपालपुर को गिरफ्तार किया।

# भरोसेमंदों के हाथ सीतापुर भेजकर बेचा जाता है डेड बॉडी से लूटा माल

संवाददाता, हरदोई

एक्सक्लूसिव

**अमृत विचार।** पोस्टमार्टम हाउस में डेड बॉडी से लूट करने के मामले में एक और खुलासा हुआ है। सूत्रों से पता चला है कि ऐसा करने वालों का बाकायदा एक गैंग है और उसके तार यहां से 72 किलोमीटर दूर सीतापुर जिले से जुड़े हैं।

इधर जो हुआ, उसकी खबर उधर पहले ही पहुंच जाती है। सूत्रों के अनुसार डेड बॉडी के साथ आए जेवर आदि भरोसेमंद लोगों के हाथों भेज कर सीतापुर में ही बेचे जाते हैं। उधर से जो नगदी आती है, उसका एक हिस्सा ज़िम्मेदार के लिए निकाल दिया जाता है और बाकी जो बचता है उसमें बराबर-बराबर बांटा लिया जाता है।

पोस्टमार्टम हाउस में डेड बॉडी से लूट का खुलासा होते ही स्वास्थ्य महकमे में खलबली मच गई। 20 जून के अंक में अमृत विचार में इस संबंध में खबर प्रकाशित होने के बाद इससे जुड़े लोगों के चेहरे पीले पड़ गए। सारे दिन विभाग और पोस्टमार्टम हाउस के कर्मचारियों में कानाफूंसी तो होती रही, लेकिन कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं हुआ। सूत्रों का कहना है कि यह सिलसिला कोई आजकल का नहीं है बल्कि यह शर्मसार करने वाला कार्य पिछले कई वर्षों से चल रहा है। लेकिन विभाग चुप है।

**पांच वर्षों में ही इकट्ठा कर ली 50 साल की कमाई**

डेड बाडी से ज़ेवर लूट करने वालों में शामिल कुछ ऐसे भी हैं जो करीब-करीब 5 सालों से आउटसोर्सिंग की नौकरी कर रहें है। इतने साल की नौकरी में उन्होंने जितनी कमाई कर ली, शायद 50 साल में भी उतनी कर पाते।

# चिकित्सक बरेली में और हरदोई में उसके नाम पर चल रहा अस्पताल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कुछ दिन पहले छप्पर के नीचे कैंसर के मरीजों को भर्ती कर इलाज करते हुए अस्पताल को पकड़ा गया था। अब एक ऐसा अस्पताल संचालित होते हुए पाया गया है जिसका संचालक डॉक्टर बरेली में रहता है, वहीं से बैठे-बैठे हरदोई के बघौली में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। इसी का परिणाम रहा कि यहां भर्ती महला मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने मामले की शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार बघौली चौराहे पर एक निजी हास्पिटल चल रहा है। इस अस्पताल का जिस डाक्टर के नाम पर रजिस्ट्रेशन कराया गया, वह बरेली में है, लेकिन यहां हास्पिटल के बाहर उनके नाम का बोर्ड लगाकर मरीज़ों को भर्ती कर इलाज किया जा है। इसका खुलासा तब हुआ जब यहां भर्ती महिला मरीज की अस्पताल स्टाफ की लापरवाही से मौत हो गई। सुरसा थाने के हथियाई निवासी शिशुपाल ने 16 जून को पत्नी रामभोली हास्पिटल में भर्ती कराया था। आरोप है कि वहां इलाज के नाम पर खबू पैसे वसूले गए लेकिन कई दिन तक चले इलाज के बाद भी महिला को आराम नहीं मिला। परिजनों ने जब डाक्टर से मिलवाने की मांग की तो अस्पताल के स्टाफ ने उनके साथ अभद्रता करते हुए हाथापाई करने का प्रयास किया गया। उसी बीच मरीज की हालात बिगड़ने लगी, लेकिन फिर भी उसे रेफर नहीं किया गया। शिशुपाल किसी तरह पत्नी को वहां से बाहर निकाल कर उसे मेडिकल कालेज ले जा रहा था, उसी बीच रामभोली की रास्ते में ही मौत हो गई। आरोप है कि पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम तो कराया पर कोई शिकायत नहीं दर्ज की।

## सभासद पद के चुनाव के लिए नामांकन शुरू

**कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** नगर पंचायत कादीपुर के वार्ड नंबर 4 निराला नगर के रिक्त पड़े सभासद पद के लिए बृहस्पतिवार से नामांकन पत्र की बिक्री का कार्य शुरू हो गया है। बृहस्पतिवार को आरओ अमित कुमार सिंह की देखरेख में सभासद के नामांकन पत्र की बिक्री का काम शुरू हो गया है। बृहस्पतिवार को एक नामांकन पत्र अनिल कुमार ने खरीदा है। यह वार्ड अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। बताते चलें कि चुनाव परिणाम आने के पूर्व ही इस वार्ड के सभासद की हृदयगत रुक जाने से मौत हो गई थी। परिणाम आने पर संतराम इस वार्ड के सभासद चुने गए थे।

# प्रेमिका ने खाया जहरीला पदार्थ, मौत प्रेमी ने ट्रेन के आगे कूदकर दे दी जान

## लखनऊ में रहकर पॉलीटेक्निक की पढ़ाई कर रहा था युवक, आया था गांव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** लखनऊ में रहकर पालिटेक्निक कर रहा युवक गांव आया हुआ था। गांव में उसकी प्रेमिका भी रहती थी। दोनों के प्रेम संबंध के बारे में उनके परिजनों को जानकारी नहीं थी। बुधवार की देर रात प्रेमिका ने जहरीला पदार्थ खा लिया और उसकी मौत हो गई। इस बात की जानकारी होने पर प्रेमी ने रेलवे ट्रैक पर जाकर ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल दोनों के घर वाले कुछ भी बताने को तैयार नहीं है।

बघौली थाने के जासू मजरा सिकुरा का निवासी इन्द्रपाल का पुत्र अंकित (25) लखनऊ में पॉलिटेक्निक कर रहा था। तीन दिन पहले ही वह गांव आया था। अंकित का गांव की 19 वर्षीय युवती से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। दोनों के बीच की नज़दीकी के बारे में उनके घर वाले बिल्कुल अंजान थे। बुधवार की देर रात करीब 11 बजे किसी बात से नाराज होकर युवती ने जहरीला खा लिया। इसका पता होते ही उसके घर वालों ने एम्बुलेंस-108 की मदद ली और युवती को मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। उधर अंकित को जब इसका पता हुआ, वह चुपचाप घर से निकल गया। गुरुवार की सुबह घर में अंकित नहीं दिखाई दिया तो उसकी तलाश शुरू कर दी गई। उसी बीच पता चला कि मडिया गांव के पास रेलवे ट्रैक पर अंकित का शव पड़ा हुआ है। अचानक बेटे की इस तरह मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेते हुए जांच शुरू कर दी है।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के सिंदुरापुर मजरे डीह में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सिंदुरापुर मजरे डीह गांव के वीर बहादुर उर्फ विजय बहादुर यादव (43) घर से दूर सिक्स लेन के पास सिंदुरापुर में पशुपालन का काम करते थे। वहीं पशुओं की देखरेख के लिए रात में रहते थे। गुरुवार सुबह पशुओं के चारा आदि के पश्चात नलकूप पर नहाकर गीला कपड़ा सुखाने के लिए तार पर डालने लगे। वहीं पशुओं के लिए लगाये गए पंखें का तार कटने की वजह से पूरे टीन शेड में करंट था। कपड़ा डालते समय करंट की चपेट में आ गए मौके पर उनकी मौत हो गई।

# बूंदाबांदी से लोगों को मिली राहत, तापमान में गिरावट

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** कई दिनों से भयंकर गर्मी की मार झेल रहे जिलेवासियों ने गुरुवार को कुछ राहत की सांस ली। बुधवार की रात हुई बूंदाबांदी से तापमान में भी गिरावट आई, वहीं गुरुवार को बादलों की आवाजाही से तेज धूप से भी राहत रही।

गौरतलब हो कि बुधवार की रात जिले के कई हिस्सों में बूंदाबांदी हुई, जिससे मौसम में बदलाव आया। जहां बुधवार को जिले का तापमान 43.5 था, जो गुरुवार 37 डिग्री सेल्शियस पहुंच गया। न्यूनतम तापमान भी 31.5 डिग्री सेल्शियस से 25 डिग्री तक पहुंच गया। हवा के रूप में भी बदलाव आया। बुधवार को 12 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली तेज लू ने जहां लोगों को परेशान कर दिया था, वहीं इसके विपरीत गुरुवार को छह किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से लोगों को राहत दी। दिन के अधिकांश समय मौसम सुहावना रहा। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चार दिनों में लगातार मौसम में बदलाव आता रहेगा। सोमवार तक जिले में बारिश होने की भी संभावना जताई जा रही है, वहीं तेज आंधी भी गर्मी की मार को कम करने में सहायक हो सकती है।

# प्रसूता की मौत, लखनऊ रेफर कर दिया शव

संवाददाता, हरदोई

**मेडिकल कॉलेज का हाल**

**▸▸ प्रसव से पहले 2 हजार और बाद में 4 हजार रुपये जमा कराने का लगाया आरोप**


जानकारी देता परिजन।

**अमृत विचार।** मेडिकल कालेज के डाक्टरों ने फिर एक कारनामा कर दिखाया। वहां ज़िला अस्पताल में भर्ती कराई गई गर्भवती के पति से पहले रुपये जमा करा लिए और प्रसव कराया, लेकिन बरती गई लापरवाही में उसकी मौत हो गई। प्रसूता के मरने के बाद वहां के डाक्टरों ने उसकी डेड बाडी को लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। इसका पता होने पर हंगामा हुआ। उसके पति का आरोप है कि भर मुट्ठी पैसे लेने के बाद भी डाक्टरों ने लापरवाही बरती।

बताया गया है कि बुधवार को पिहानी कोतवाली के टण्डौर निवासी गुड्डू की 22 वर्षीय पत्नी सपना को प्रसव पीड़ा शुरु होने पर उसे गोपामऊ पीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे मेडिकल कालेज के ज़िला महिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया गया। गुड्डू का कहना है कि वहां पहुंचते ही पहले उससे 2 हज़ार रुपये जमा कराए गए, उसके बाद डाक्टरों ने हाथ लगाया। रात के लगभग 12 बजे सपना ने बेटी को जन्म दिया। उसके बाद उससे अलग-अलग चार हज़ार रुपये जमा करा लिए गए। उसके बाद सपना की तबियत बिगड़ गई। बकौल गुड्डू उसने कई बार डाक्टरों को बताया, लेकिन किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया, उसके बाद सुबह होने से पहले ही सपना की मौत हो गई। घर वालों का कहना है कि डाक्टरों ने अपने बचाव करते हुए डेड बाडी को लखनऊ के लिए रिफर कर दिया, लेकिन जब देखा गया, तो पता चला कि सपना की सांसे थम चुकी है। उसके बाद घर वाले डेड बाडी को मेडिकल कालेज की तरफ उठा लाए और वहां हंगामा करने लगे। हालांकि उस बीच पहुंचें कुछ लोगों ने समझा-बुझा कर उन्हे शांत कराया।

> ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है और अगर आएगी तो उसकी पूरी तहकीकात कराई जाएगी और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मरीज़ या उनके तीमारदारों से वसूली करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।
>
> **डा. सुबोध**, सीएमएस, महिला अस्पताल

# आरक्षित वर्ग महिला पद के लिए 8 को होगा उप चुनाव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** जिला मजिस्टेट मंगला प्रसाद सिंह ने बताया कि नगर पंचायत कुरसठ के रिक्त वार्ड नम्बर-03 रामनगर (आरक्षित वर्ग महिला पद हेतु उप चुनाव 8 जुलाई को कराया जायेगा।

बताया है कि उक्त उप चुनाव के लिए तहसील बिलग्राम के नायब तहसीलदार मल्लावां के न्यायालय में 18 जून से नामांकन पत्र बिक्रय किये जाएंगे। नामांकन पत्र 22 जून तक अपरान्ह 3 बजे तक जमा किये जाये तथा 24 को संवीक्षा होगी। 26 को नाम वापसी की प्रक्रिया, 27 को प्रतीक चिन्ह का आवंटन होगा। 8 जुलाई को सम्बन्धित मतदान केन्द्रों पर प्रातः 7 बजे से सायं 5 बजे तक मतदान होगा तथा 10 जुलाई को तहसील बिलग्राम के सभागार में प्रातः 08 बजे से कराई जायेगी। तहसील मुख्यालय बिलग्राम पर उप जिला मजिस्टेट राकेश सिंह को कार्यपालक तथा उनके साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी बिलग्राम को नियुक्त किया गया है। कुरसठ नगर पंचायत के वार्ड नम्बर 03 के लिए डीएफओ शशिकान्त अमरेश को प्रेक्षक नियुक्त किया गया है।

## सार-संक्षेप


कलश सज्जा करतीं बालिकाएं। अमृत विचार

### समर कैंप में बेटियों ने सीखी मार्शल आर्ट

**हरदोई, अमृत विचार।** बहादुर बेटियां फाउंडेशन की ओर से आरआर इंटर कॉलेज में चल रहे समर कैंप में पिछले 14 दिनों से बेटियों को न केवल विभिन्न कलाओं में प्रशिक्षण देकर उन्हें पारंगत किया, बल्कि मार्शल आर्ट जैसी विधा सिखाकर बेटियों को बहादुर भी बनने के लिए प्रेरित किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष कुसुम लता गुप्ता ने दी उन्होंने बताया कि इस वर्ष 103 बेटियों ने बड़े उत्साहपूर्वक सभी गतिविधियों में भाग लिया और विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। फाउंडेशन संरक्षिका डा. चित्रा मिश्रा ने बताया कि समर कैंप में बालिकाओं को कलश सज्जा, शिल्पकला, नृत्य, मेहंदी, मार्शल आर्ट, योग जैसे विभिन्न विषयों पर शिक्षकों द्वारा प्राप्त प्रशिक्षण पर अपने अनुभव सभी के साथ साझा किए। इस अवसर पर जय भोले सेवा समिति की अवंतिका तिवारी, गीता गुप्ता, प्रांशु सिंह तथा फाउंडेशन की संस्थापक अध्यक्ष कुसुम लता गुप्ता रेशमा, माधवी श्रीवास्तव, अनिल श्रीवास्तव, शेलेंद्री पाल, आभा श्रीवास्तव, आशा वाजपेई, कविता श्रीवास्तव, स्नेह लता, ममता गुप्ता, नीतू गुप्ता, योगिता गुप्ता, सुमित अमन नागर आदि मौजूद रहे।

### वाहनों से उतरवाए हूटर, बत्ती व काली फिल्म


वाहन से काली फिल्म हटाता युवक।

**हरदोई, अमृत विचार।** सरकार के सख्त होने के बाद जिले में वाहनों से हूटर, काली पट्टी आदि हटाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसके लिए यातायात अभियान विशेष रूप से चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने हूटर व प्रेशर हार्न, अनाधिकृत रूप से लगाने के खिलाफ चलाने के निर्देश दिए हैं। इस निर्देश के क्रम में जिले में भी यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाया, जिसके तहत अनधिकृत रूप से वाहनों पर लगी कई लाल-नीली बत्तियां हटाई गई। तमाम ऐसे वाहन भी पाए गए जिनमें रौब काटने के लिए हूटर लगाए थे। चेकिंग के दौरान ऐसे वाहनों से न सिर्फ हूटर उतरवाए गए, बल्कि ऐसे लोगों को दोबारा हूटर न लगाने के सख्त चेतावनी भी दी गई थी। कई चौपहिया वाहनों पर शीशों पर काली फिल्म लगी थी। अभियान के दौरान वाहनों से काली फिल्में उतारी गईं। बिना हेलमेट, तीन सवारी, सीट बेल्ट, जाति सूचक/ संप्रदाय सूचक/ पद सूचक के विरुद्ध चेकिंग की गई तथा उनका चालान किया गया। इस विशेष चेकिंग अभियान से अनाधिकृत रूप से वाहनों पर रौब झाड़ने के लिए हूटर आदि लगाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं जिले के कुछ अधिकारी जो अभी तक अनाधिकृत लाइटें वाहनों लगाए हुए थे, उन्होंने भी अपने वाहनों से अनाधिकृत लाइटें उतरवा दी। चेकिंग के दौरान क्षेत्राधिकारी नगर अंकित मिश्रा, क्षेत्राधिकारी यातायात सत्येंद्र सिंह एवं प्रभारी यातायात प्रमोद यादव अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।

# संघ ने धूमधाम से मनाया हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर के श्रीश चन्द्र बारातघर में गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने हिन्दू साम्राज्य दिनोत्सव बड़े हर्षोल्लास से मनाया.

इस अवसर पर उपस्थित स्वयंसेवकों को उद्बोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला महाविद्यालयीन प्रमुख विनय ने कहा महाराष्ट्र की सह्याद्री पहाड़ियों में आज से 350 वर्ष पूर्व जेष्ठ शुक्ल त्रयोदशी के दिन सन 1674 को छत्रपति शिवाजी का राज्याभिषेक हुआ था। यह दिन न सिर्फ मराठा साम्राज्य के लिए वरन सम्पूर्ण हिन्दू समाज के लिए गौरव दिवस है, क्योंकि एक लम्बे काल खंड के बाद भारतवर्ष में किसी हिन्दू राजा का राज्याभिषेक हुआ था। शिवाजी में वीरता और राष्ट्रभक्ति के गुण बचपन से ही थे. उनकी माँ जीजाबाई ने उनमे चरित्र और संस्कार का भी पुष्टिकरण किया. जब वे किशोरावस्था में पहुंचे तो उन्होंने भगवान शिव का अपने रक्त से अभिषेक कर, हिन्दू स्वराज्य की स्थापना शपथ ली। शिवाजी से पहले देश के लगभग दो तिहाई हिस्से पर मुगलों का अधिपत्य था। इसका असर ये हुआ हिन्दू समाज अपने पराभव को प्राप्त हुआ और वह स्वयं अपने आप को तुच्छ समझने लगा।हिन्दवी राज्य की स्थापना के लिए शिवाजी ने अपनी विशिष्ट छापामार युद्धनीति से कई दुर्गों पर विजय प्राप्त कर ली।

# जिलाधिकारी ने किताबों का किया विमोचन

संवाददाता, हरदोई



पुस्तकों का विमोचन करते जिलाधिकारी एमपी सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बेसिक शिक्षा परिषद में कार्यरत प्राथमिक विद्यालय पिरोजापुर, विकास खण्ड बावन के प्रधानाध्यापक राजीव कुमार सिंह एवं राज्य अध्यापक पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ लाल बहादुर गौतम प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय म्योनी विकास खण्ड सुरसा द्वारा लिखित पुस्तकें निपुण बनेंगे हम, कला की दुनिया, एवं आईसीटी स्मार्ट शाला पुस्तकों का जिलाधिकारी ने अपने कार्यालय में लोकार्पण किया ।

बताते चलें कि दोनों शिक्षकों ने अपने विद्यालयों में बच्चों के अंदर नए-नए प्रयोग करके शैक्षिक गतिविधियों एवं कला शैक्षिक एवं तकनीकी शिक्षा में बच्चों को पारंगत बनाने का प्रयास किया। उन्ही गतिविधियों का उक्त पुस्तकों में संकलन किया गया है। जनपद मे उक्त दोनों विद्यालयों के शिक्षको ने अपनी मेहनत और लगन से नई-नई शैक्षणिक विधाओं का पुस्तकों में संकलन किया है जिसके माध्यम से हमारे बेसिक के बच्चों को उक्त गतिविधियों से कुछ न कुछ नई चीजे सीखने को मिलेंगी निपुण बनेंगे हम पुस्तक में कक्षा 1 से लेकर तीन तक की सभी गतिविधियों का संकलन किया गया है तथा दूसरी पुस्तक कला की दुनिया जिसमें इन विद्यालयों में बच्चों को चित्रकला के माध्यम से वाल पेंटिंग द्वारा बेहतरीन कला को सिखाया गया है। बेसिक शिक्षा में वर्तमान समय में प्रौद्योगिकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आईसीटी का विकास हुआ है।

# आंधी के चलते घंटों बाधित रहा डाउन ट्रैक, दर्जनों ट्रेनें हुईं प्रभावित

संवाददाता, हरदोई


गुरुवार को हरदोई स्टेशन पर ट्रेन के इंतजार में बैठे यात्री। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक बार फिर आंधी हरदोई के रेल यात्रियों के लिए मुसीबत लेकर आई है। शाहजहांपुर में आई आंधी से रेल ट्रैक प्रभावित हो गया, जिसके चलते लगभग एक दर्जन से अधिक ट्रेनों पर इसका असर देखने को मिला।

पहले भी आंधी के चलते शाहजहांपुर में रेल ट्रैक बाधित हो गया था, तब भी यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा था। बुधवार की देर रात आई आंधी से रेल ट्रैक के किनारे लगा पेड़ गिर जाने से ओएचई वायर टूट गया व ट्रैक पर पेड़ गिर जाने से डाउन ट्रैक पूरी तरह से प्रभावित हो गया।मुरादाबाद से लखनऊ की ओर जाने वाला डाउन ट्रैक लगभग 2 से 3 घंटे तक पूरी तरह से ठप्प पड़ा रहा। पीछे से आ रही ट्रेनों को जहां की तंहा रोक दिया गया।

भीषण गर्मी में ट्रेनों के एक स्थान पर खड़े रहने से यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। डाउन ट्रैक पर पेड़ गिर जाने के कारण रेल यातायात बाधित होने से रेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया। रेल कर्मियों और अधिकारियों की टीम द्वारा कड़ी मेहनत कर दो से तीन घंटे मैं रेल ट्रैक को बहाल कर दिया गया, जिसके बाद रेल प्रशासन द्वारा धीरे-धीरे ट्रेनों का संचालन शुरू किया गया।

**हरदोई आने वाली यह ट्रेनें हुई प्रभावित**

शाहजहांपुर में रेल ट्रैक पर गिरे पेड़ और टूटे ओएचई वायर के चलते ट्रेनों को जहां की तहां रोक दिया गया। हरदोई रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली लगभग 9 ट्रेनों रास्ते में खड़ी रही। इसके साथ ही पीछे और आगे चल रही कुछ अन्य ट्रेनें भी रास्ते में खड़ी रही। हरदोई पहुंचने वाली ट्रेन 14208 दिल्ली से प्रतापगढ़ जाने वाली पद्मावत एक्सप्रेस हरदोई रेलवे स्टेशन पर अपने निर्धारित समय रात के 2:51 से 5 घंटे 7 मिनट की देरी से सुबह 7:58 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुँची, 14242 सहारनपुर से चलकर प्रयागराज जाने वाली नौचंदी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय रात के 3:04 से 5 घंटा 26 मिनट की देरी से सुबह 8:30 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुँची, 13020 काठगोदाम से चलकर हावड़ा जाने वाली बाघ एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 4:00 से 4 घंटा 44 मिनट की देरी से सुबह 8:44 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुँची। 15120 देहरादून से चलकर बनारस जाने वाली जनता एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह के 4:22 मिनट से 5 घंटे 4 मिनट की देरी से सुबह 9:28 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची, 12230 नई दिल्ली से चलकर लखनऊ जंक्शन जाने वाली लखनऊ मेल अपने निर्धारित समय सुबह 4:40 से 3 घंटा 30 मिनट की देरी से सुबह 8:10 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुँची, 12232 चंडीगढ़ से चलकर लखनऊ जाने वाली चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 6:26 से 4 घंटे की देरी से सुबह 10:26 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंचे 13308 फिरोजपुर से चलकर धनबाद जाने वाली गंगा सतलुज एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 7:46 से 4 घंटा 10 मिनट की देरी से सुबह 11:56 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुँची, 13006 अमृतसर से चलकर हावड़ा जाने वाली पंजाब मेल अपने निर्धारित समय सुबह के 8:24 से 3 घंटा 20 मिनट की देरी से सुबह 11:44 पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंची, 15652 जम्मूतवी से गोवाहाटी जाने वाली लोहित एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 7 घंटे की देरी संचालित हो रही हैं। इसके साथ ही कई ऐसी ट्रेनें हैं जिनका ठहराव हरदोई रेलवे स्टेशन पर नहीं है वह भी अपने निर्धारित समय से तीन से चार घंटे की देरी से आगे की ओर रवाना हुई।

## ठेकेदार ने खोद कर छोड़ दी सड़कें, रोष

**हरदोई, अमृत विचार।** पाइपलाइन डालने के बाद ठेकेदार ने सड़कों को सही से दुरुस्त नहीं कराया जबकि ठेके में सड़क को पुनः पहले जैसा बनाने का अनुबंध है इसी बात से खफा नगर पालिका पिहानी के सभासदों ने ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए युवा को एक ज्ञापन सौपा। खोदी गई सड़क सही न कराए जाने से क्षुब्ध होकर सभासदों सामने जलनिगम के ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन कर अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह को ज्ञापन दिया।

आवश्यकता है
**श्री नारायण सिंह महाविद्यालय**
ककरघटा, शाहाबाद जिला- हरदोई
(संबद्धता- लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ)
स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय हेतु **जन्तु विज्ञान** (एक पद), **वनस्पति विज्ञान** (एक पद), **रसायन विज्ञान** (एक पद)
परास्नातक स्तर पर **विज्ञान संकाय हेतु गणित** (चार पद), **जन्तु विज्ञान** (चार पद)
परास्नातक स्तर पर **कला संकाय हेतु हिंदी** (चार पद)- योग्यता व वेतनमान यू.जी.सी. तथा लखनऊ विश्वविद्यालय के नियमानुसार देय होगा ।
प्रबंधक :- 9415564041

## एक नजर

### किसानों को नवीनतम तकनीक की दी जानकारी

**लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** विकासखंड परसेंडी के ग्राम दनियालपुर में बृहस्पतिवार को दि मिलियन फार्मर्स स्कूल किसान पाठशाला का आयोजन ग्राम प्रधान आरती देवी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें किसानों को नवीनतम तकनीक से खेती करने की जानकारी दी गई। इस मौके पर विषय वस्तु विशेषज्ञ श्याम सिंह ने किसानों को जैविक खेती, मोटे अनाज, प्राकृतिक खेती, पीएम किसान सम्मान निधि के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने खरीफ फसल में बोई जाने वाली धान व मक्के की फसलों की तकनीकी जानकारी दी। इस मौके पर रामदयालसिंह प्रभारी बीज भंडार परसेंडी, पंकज कुमार द्वितीय, पंकज कुमार प्रथम, पूर्व ग्राम प्रधान कदीर खान सहित किसान व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सांड़ के हमले में घायल महिला की मौत

**थानगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना थानगांव इलाके की वैन गांव की रहने वाली कमला देवी पत्नी स्व .महेश उम्र करीब 70 वर्ष को बीते चार दिन पहले रात को घर के बाहर सोते समय सांड़ ने हमला कर घायल कर दिया था। जिनका इलाज सीएचसी रेउसा में चल रहा था।बीती रात उनकी मौत हो गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### नहर में छलांग लगाने की रील बना रहे युवा

**लहरपुर।** बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर शारदा सहायक नहर रेगुलेटर पुल से छलांग लगाकर रील बनाने का वीडियो सामने आया है जिसमें कुछ युवा लड़के खतरनाक ढंग से स्टंट कर गहरे पानी में छलांग लगा रहे है जिससे कभी भी कोई हादसा हो सकता है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में कुछ लड़कों के द्वारा पुल के ऊपर से गहरे पानी में छलांग लगाई जा रही है, वायरल वीडियो गौरिया स्थित शारदा सहायक नहर रेगुलेटर पुल का बताया जा रहा है। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। वायरल वीडियो में लड़कों के द्वारा रस्सी के सहारे गहरे पानी से निकलने की कोशिश की जा रही है। ज्ञातव्य है कि, इसी नहर में हर वर्ष लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों की हादसों से मौत हो जाती है, लड़कों के द्वारा पहले छलांग लगाकर खतरनाक स्टंट किया जा रहा है फिर रील बना कर वायरल किया जा रहा है।

# दिनदहाड़े बंद घर से चोर उठा ले गये लाखों का माल

सदरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** सदरपुर थाना क्षेत्र में बंद पड़े घर से चोरों ने दिन-दहाड़े सवा लाख की नकदी समेत करीब पांच लाख की संपत्ति चोरी कर ली। घटना की सूचना पीड़ित द्वारा लिखित तहरीर देकर पुलिस को दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

सदरपुर थाना क्षेत्र के सुकालीपुर निवासी दीपू वर्मा पुत्र कमलेश की गोड़ैचा चैराहे पर रेउसा मार्ग पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकान है। बुधवार की सुबह वह दुकान चला आया और उनकी पत्नी दरियापुर थाना लहरपुर अपने मायके चली गईं। देर शाम अपनी दुकान बंद करके जब दीपू अपने घर पहुंचा तो वह अपने घर के मुख्य दरवाजे का ताला टूटा देख सन्न रह गया। जब घर के अंदर गया तो कमरे में रखी अलमारी और बक्से का टूटा ताला और बिखरा सामान देख कर उसके घर में चोरी होने की जानकारी हुई।

चोरों ने अलमारी और बक्से में रखी एक लाख 30 हजार की नकदी, सोने-चांदी के जेवरात समेत करीब पांच लाख की संपत्ति चोरी कर ले गए। पीड़ित ने गुरुवार को सदरपुर थाने पहुंच घटना की तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक सदरपुर राकेश सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है, मामले की जांच की जा रही है।

# सीएचसी मीरानगर में इमरजेंसी न एंबुलेंस की सुविधा

प्रदुम्न पांडेय, पैंतेपुर, सीतापुर

- चिकित्सक आते नहीं और मरीजों व तीमारदारों के लिए पेयजल की नहीं है सुविधा

**अमृत विचार।** विकासखण्ड रामपुर मथुरा इलाके में 33 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों वाले सांसद द्वारा गोद लिए जाने वाले गांव मीरानगर में स्थित सीएचसी की व्यवस्थाएं बदतर है। सीएचसी में नियुक्त आधे से अधिक कर्मचारी तो आते ही नहीं। आज तक इस परिसर में इमरजेंसी की सुविधा नहीं हो सकी। मरीजों के पेयजल सुविधा की भी उचित व्यवस्था नहीं है।

विकास खंड की ग्राम पंचायत मीरा नगर में स्थित सीएचसी की सुविधाएं तो पीएचसी से भी बदतर है। चिकित्सालय में किसी भी सफाई कर्मचारी की नियुक्ति नही है। इस सीएचसी का 2016 में तत्कालीन समाज कल्याण राज्यमंत्री नरेंद्र वर्मा द्वारा शिलान्यास किया गया था। 2018 में उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा सीतापुर सांसद राजेश वर्मा एवम महमूदाबाद के तत्कालीन विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा ने लोकार्पण किया था, लेकिन अभी तक इस सीएचसी में न तो पर्याप्त चिकित्सक हैं और न ही कर्मचारी। इसी के चलते यह सीएचसी मीरा नगर अब तक इमरजेंसी की सुविधा न दे सकी। मरीजों के लिए कोई भी एंबुलेंस सुविधा नहीं है। ग्रामीणों के अनुसार लोकार्पण किए जाने



सीएचसी में उगीं झाड़ियां। अमृत विचार

के बावजूद आखिर सीएचसी मीरा नगर में चिकित्सकों का टोटा क्यों। बुखार से बेहाल चिकित्सक का इंतजार करती ग्रामीण आरती ने बताया कि सोमवार को जब बड़े डॉक्टर आयेंगे तब दवा लिखवाकर लेंगे। समाजसेवी मोहम्मद अजमल ने बताया कि यहां कई चिकित्सकों की नियुक्ति है लेकिन इक्का दुक्का ही आते है। 2 बजे के बाद यहां कोई मिलता ही नहीं।

ग्रामीण अजय वर्मा ने बताया कि जरा सी समस्या होने पर सीधे लखनऊ जाना पड़ता है। जो चिकित्सक नियुक्त हैं वह भी आते नहीं। जबकि सीएचसी मीरानगर में चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर डॉक्टर ललित मोहन, डॉक्टर अनम फारूकी, डॉक्टर दीपक, डॉक्टर धनंजय, फार्मेसिस्ट शशिकांत, सरोज पांडेय जितेंद्र मिश्र डेंटल, मनोज कुमार शिव कुमार प्रयोगशाला सहायक, राम गोपाल वार्ड बॉय की नियुक्ति है।

> अभी मीरा नगर सीएचसी में स्टॉफ की कमी है जिसके चलते इमरजेंसी सेवाएं प्रारंभ नहीं की जा सकी हैं। जो चिकित्सक या कर्मचारी बिना सूचना के अनुपस्थित हो रहे है, उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। कार्यवाही भी की जाएगी।
>
> -**सुशील वर्मा**, अधीक्षक, सीएचसी रामपुर मथुरा

# किसानों ने छुट्टा गोवंशों को स्कूल का ताला तोड़कर किया बंद

## ब्लॉक स्तर के अफसरों ने ग्रामीणों से वार्ता कर स्कूल से गोवंशों को भेजा गौशाला

बिसवां/सीतापुर

**रोष**

- फसलों के हो रहे नुकसान और शिकायत के बाद कार्रवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने उठाया कदम

**अमृत विचार।** विकासखंड इलाके में आवारा गोवंशों से परेशान किसानों ने गुरुवार को गोवंशों को खदेड़कर उच्च प्राथमिक विद्यालय में बंद कर दिया। आवारा गोवंशों से हो रही फसलों के नुकसान को लेकर शिकायत के बाद सुनवाई न होने से नाराज ग्रामीणों ने स्वयं ही गोवंशों को स्कूल में बंद कर दिया। स्कूल में गोवंशों के बंद होने की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे जिम्मेदारों ने किसानों से बातचीत कर आवारा गोवंशों को स्कूल से निकालकर गौशाला में भिजवाया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम पंचायत करीम पनाह में आवारा गौवंश को उच्च प्राथमिक विद्यालय (संविलियत) स्कूल का ताला तोड़कर बंद कर दिया। स्थानीय किसानों और ग्रामीणों ने बताया कि आवारा गोवंशो उनकी फसलों को बर्बाद कर रहे थे। लिहाजा अपनी फसल को बचाने के लिए उन्हें रात रात भर जागना पड़ता था। ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार उच्च अधिकारियों का को इस बाबत अवगत कराकर शिकायत की गई, लेकिन तब भी गोवंशों पर कोई नियंत्रण नहीं था। सुनवाई न होने और फसलों के नुकसान से परेशान होकर ग्रामीणों ने आवारा गोवंशों को विद्यालय में बंद कर दिया। सूचना पर एडीओ पंचायत ने अधीनस्तों को मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से वार्ता की और गौवंशों



स्कूल में बंद छुट्टा गोवंश। अमृत विचार

को स्कूल से निकालकर कमुआ और कल्याणपुर की गौशाला में शिफ्ट कराने का काम किया गया। एडीओ पंचायत राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद पहले भी आवारा गोवंशों को गौशाला में भेजा गया था और गुरुवार को फिर भेजा गया है।

इस मौके पर भारी संख्या में आक्रोशित ग्रामीणों में सुरेश यादव, राम लखन, शैलेंद्र यादव, सुंदर लाल, दिनेश भट्ट, श्रीप्रकाश, सुशील कुमार, सनोमान सिंह, ओम प्रकाश, राजेश यादव, खुशीराम, अनवार खान, लवकुश, अजय कुमार, कमलेंद्र, वीरेंद्र सिंह, राम नरेश, पुनीत सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म

**सदरपुर, सीतापुर, अमृत विचार।** सदरपुर थाना इलाके में नाबालिग का यौन शोषण के उपरांत एक युवक ने उसकी फोटो फेसबुक पर वायरल कर दी। पीड़ित ने शिकायत करते हुए थाने में तहरीर दी है।

पीड़िता ने सदरपुर थाना क्षेत्र के बेनी माधवपुर निवासी संदीप पर आरोप लगाया है कि संदीप से उसकी बातचीत होती थी, इसी बातचीत के दौरान उसने पीड़िता को मिलने के लिए बुलाया, जब पीड़िता उससे मिलने गयी तो उसने पीड़िता को पकड़ लिया और पीड़िता की मर्जी के बगैर उसके साथ अश्लीलता करने लगा। पीड़िता के विरोध करने पर उसने शादी का झांसा भी दिया और फिर उसने उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने बताया कि उसने उसके साथ तीन बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने जब उससे बातचीत करना बंद किया और उसका विरोध किया तो पीड़िता की फोटो फेसबुक पर वायरल कर दी गई। पीड़िता ने इस संबंध में सदरपुर थाने में तहरीर दी है। एसओ राकेश सिंह ने बताया जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### धर्म परिवर्तन करा रहे चार लोगों को पुलिस ने पकड़ा



घर के बाहर मौजूद महिलाएं। अमृत विचार

**तम्बौर, सीतापुर, अमृत विचार।** थाना इलाके के ग्राम भिठिया जाल्हे पुर गांव में रामचंद्र पुत्र बांके लाल के घर पर ग्रामीणों को एकत्र कर धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना मिलने पर बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि एक फरार हो गया। बजरंग दल के जिला संयोजक नीरज बजरंगी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि भीठिया जालहेपुर गांव में रामचंद्र पुत्र बांके लाल के घर में पिछले काफी समय से लोगों को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा है। जिसकी सूचना पाकर बजरंग दल कार्यकर्ता पहुंचे और हंगामा किया। कार्यकर्ताओं ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की तो चार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े, जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। इस बाबत बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की तहरीर पर पुलिस ने रामचंद्र समेत अनुज पुत्र रामचंद्र निवासी गण ग्राम भिठिया जालहे पुर, सर्वेश पुत्र राजाराम निवासी ग्राम खजुरा थाना सकरन, देशराज पुत्र रामचंद्र निवासी ग्राम पुरैनी कोतवाली लहरपुर व प्रताप निवासी ग्राम भीठना कला थाना तम्बौर के खिलाफ धारा 147, 153ए, 295 ए, 504,506 व उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इंस्पेक्टर विजयेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें से चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### पुण्यतिथि पर जरूरतमंदों को बांटी खाद्य सामग्री



अस्पताल में मरीजों को खाद्य सामग्री वितरित करते सपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**महमूदाबाद।** जिले के कद्दावर नेता रहे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष स्व . महेंद्र सिंह वर्मा की दूसरी पुण्यतिथि पर सपा कार्यकर्ताओं ने तमाम अस्पतालों में मरीजों के बीच खाद्य सामग्री वितरित कर मनाई। इस दौरान नगर स्थित सीएचसी समेत विभिन्न निजी अस्पतालों में मरीजों व तीमारदारों के बीच खाद्य सामग्रियों का वितरण किया। इस मौके पर नगर के सपा कार्यकर्ताओं ने लगभग एक सैकड़ा से अधिक मरीजों के बीच खाद्य सामग्री, बिस्कुट व फल का वितरण किया। मालूम हो कि दो वर्ष पूर्व लंबी बीमारी के चलते महेंद्र वर्मा का देहांत हो गया था। गुरुवार सुबह महेंद्र वर्मा की दूसरी पुण्यतिथि सपा कार्यकर्ताओं द्वारा खाद्य सामग्री वितरित कर मनाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने स्व महेंद्र वर्मा के जीवन के संघर्ष को साझा किया। कहा कि वो गरीबों और मजलूमों के मसीहा थे। उनकी दहलीज पर जब कोई फरियादी जाता था तो निराशा दूर कर के आता था। वितरण नगर के स्वाति सेवा सदन, सीएचसी पुरुष, सीएचसी महिला, न्यू नेशनल हॉस्पिटल, लोहिया हॉस्पिटल, डॉ . रामा नारायण क्लिनिक, इंडियन हॉस्पिटल में किया गया। इस मौके पर राज बहादुर वर्मा, सकेंद्र यादव, मो . इश्तियाक, आजाद, विनीत यादव, अमित, आकाश वर्मा और पंकज कुमार मौजूद रहे।

### 95 प्रतिशत अंक लाने वाले दो मेधावी छात्र सम्मानित



छात्र को धनराशि देकर सम्मानित करते सांसद राकेश राठौर, विधायक अनिल वर्मा।

**सीतापुर, अमृत विचार।** सपा नगर अध्यक्ष व पूर्व सभासद जावेद खान ने मेधावियों का सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें इंडिया गठबंधन के नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर और लहरपुर विधायक अनिल वर्मा ने लोहिया इण्टर कॉलेज तंबौर के टॉप स्टूडेंट प्रशांत मौर्य को टैबलेट मेडल व नकद 2100 रुपये देकर सम्मानित किया। प्रशान्त मौर्य ने हाइस्कूल में 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर तंबौर में टॉप किया है। वहीं रामपाल रामकिशोरी इंटर कालेज के छात्र प्रशांत मिश्रा ने इंटर में 95 प्रतिशत अंक पाकर टॉप किया।प्रशांत को भी टेबलेट व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही लोहिया के प्रबंधक मुन्ना मुजम्मिल को विधायक अनिल वर्मा ने रुमाल पहनाकर सम्मानित किया और प्रबंधक ने मुख्य अतिथि सांसद राकेश राठौर और विधायक अनिल वर्मा को प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया।इस दौरान रामपाल रामकिशोरी देवी इंटर कालेज के प्रबंधक ओम प्रकाश वर्मा,मास्टर मुशीर आलम, चेयरमैन प्रतिनिधि इश्तियाक खान समेत काफी लोग मौजूद रहे।

### श्रीराम राज्याभिषेक का प्रसंग सुनकर उत्साहित हुए भक्त

**पिसावां।** बराहमऊ में चल रही श्रीमद भागवत कथा का श्रीराम राज्याभिषेक के प्रसंग के साथ सम्पन्न हो गयी। इस दौरान हवन पूजन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कथा वाचिका आरती मौर्या ने कथा श्रवण कराते हुये कहा पुराणों के अनुसार जहां श्री राम विष्णु जी के अवतार थे, वहीं लक्ष्मण शेषनाग के अवतार थे। जब भगवान राम को वनवास हुआ तो उनके साथ लक्ष्मण और माता सीता भी जाने लगे, लेकिन लक्ष्मण जी ने वनगमन से पूर्व अपनी नींद का त्याग किया। पुराणों के अनुसार वन जाने से पूर्व लक्ष्मण ने निद्रा देवी से वरदान मांगा कि वनवास के 14 वर्षों तक उन्हे नींद नहीं आए ताकि वह अपने भाई-भाभी की सेवा कर सकें। लक्ष्मण की सेवा भाव से प्रसन्न होकर निद्रा देवी ने उन्हें वरदान दे दिया, लेकिन इसके बदले में एक शर्त भी रखी कि लक्ष्मण के बदले उनकी पत्नी उर्मिला को 14 वर्षों तक सोना होगा। इसी कारण लक्ष्मण के बदले उनकी पत्नी उर्मिला 14 वर्षों तक राजभवन में सोती रहीं।



आरती मौर्या।

# जमीन नपाई के नाम पर लेखपाल ने लिए पैसे तो विधायक ने फटकारा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**सख्ती**

- विधायक ने लेखपाल से घूस की रकम वापस करने व सरकारी सिस्टम पर लगाया गंभीर आरोप
- सिधौली के बाद सेवता विधायक ने तहसील प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

**अमृत विचार।** विकासखंड सेउता इलाके में ग्राम चौपाल में सुनवाई के दौरान भाजपा विधायक ने फरियादी की शिकायत पर घूसखोरी का आरोप लगाकर लेखपाल को जमकर फटकार लगाई। गरीब व्यक्ति से खेतों की नपाई के नाम पर लिए गये 4 हजार रूपये की वसूली की शिकायत सुनकर विधायक का पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया। विधायक ने जनता और फरियादी के सामने ही लेखपाल को बुलाकर पैसे लेने की बात स्वीकार करवाई। विधायक की फटकार के बाद लेखपाल ने गरीब व्यक्ति के पैसे वापस करने की बात कहीं। विधायक ने सिस्टम को भी कटघरे में खड़े कर सवालियां निशान खड़े कर दिए है।

जानकारी के अनुसार सेवता विधायक ज्ञान तिवारी क्षेत्र के बजहा गांव में ग्राम चौपाल में शामिल होने गए थे। इस दौरान एक फरियादी ने शिकायत की कि लेखपाल कुर्बान अली ने जमीन की नपाई के लिए चार हजार रुपए



लेखपाल कुर्बान अली को फटकार लगाते भाजपा विधायक ज्ञान तिवारी।

लिए है। यह सुनते ही विधायक का पारा सातवें आसमान पर चढ़ गया और उन्होने लेखपाल को बुलाकर फरियादी के पैसे वापस करने को कहा और सभी के सामने खरी खोटी सुनाते हुए पूरे सिस्टम को कटघरे में खड़ा कर दिया। ग्रामीण की शिकायत के बाद भड़के विधायक ने पूरे सिस्टम को घूसखोर बता दिया।

जनप्रनिधियों के आरोप से कही न कही सरकार की कार्यशैली पर सवालिया निशान लग रहा है। लेखपाल को फटकारते हुए विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री जीरो टॉलरेंस नीति के अनुसार कार्य कर रहे है और आप सब उन्हे बदनाम करने में लगे है। विधायक ने कहा कि मेरे क्षेत्र में किसी प्रकार की दलाली नही चलेगी।

विधायक के गुस्से को देखकर लेखपाल ने पैसे लेने की बात स्वीकार करते हुए जल्द ही पैसे वापस करने की बात स्वीकार की। ग्राम चौपाल के दौरान विधायक की नाराजगी से अफसर सख्ते में आ गये। एसडीएम बिसवां ने बताया कि विधायक के आरोप संज्ञान में है, पूरे प्रकरण की जांच तहसीलदार को सौंपी गई है। जांच आख्या आने पर सम्बंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## दहेज के लिए युवती को रखते थे भूखा-प्यासा

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** बेटी की मौत की खबर मिलते ही ससुराल पहुंचे पिता ने दहेज की मांग समय से पूर्ण न होने पर भूखा-प्यासा रखकर प्रताड़ित कर हत्या करने का आरोप ससुरालवालों पर लगाया और थाना रामपुर कलां में तहरीर दी।

रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के चिखड़ी धंधार मजरा छतौनी तीरथ राज ने अपनी बेटी विनीता देवी की शादी रामपुर कला थाना क्षेत्र के दुघरा गांव निवासी अरुण कुमार के साथ दो वर्ष पूर्व की थी। पीड़ित पिता का आरोप है कि यह शादी सदरपुर थाना क्षेत्र के सुहेला निवासी रूप राम यादव, खजन यादव व मयाराम द्वारा जबरन दबाव बनाकर शादी करवाई गई थी। आरोप है कि शादी से लेकर अभी तक नगदी व बाइक के लिए मृतका को रोज प्रताड़ना व गालियां ससुराल वालों द्वारा दी जाती थी, इतना ही नहीं खाने पीने और औषधियों के खर्च के लिए मायके से रुपए लेने के ताने भी मारे जाते थे। आरोप है कि पति अरुण, ससुर सुरेंद्र, सास व ससुर सुरेंद्र के पिता श्री राम यादव सहित रूप राम, खजन आदि पर नगदी व दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। हालांकि पिता ने शादी के समय 50 हजार नगद व गृहस्थी का सारा सामान भी दहेज स्वरूप दिया था। मामले को लेकर थानाध्यक्ष रामपुर कला नवनीत मिश्र ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## नायब तहसीलदार पर अधिवक्ता ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

- पिछले साल भी चर्चा में आया था नायब तहसीलदार प्रथम का नाम

**सिधौली, सीतापुर, अमृत विचार।** तहसील सिधौली के वरिष्ठ अधिवक्ता उदयप्रताप सिंह ने तहसील में तैनात नायब तहसीलदार प्रथम पर भ्रष्टाचार और मोटी रकम लेकर मुकदमों का फैसला करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से कार्रवाई की मांग की है।

प्रदेश के प्रमुख सचिव (राजस्व) को भेजी गई शिकायत में उन्होंने लगभग एक दर्जन मुकदमों का हवाला देते हुए आरोप लगाया है कि सिधौली तहसील में तैनात नायब तहसीलदार प्रथम आलोक कुमार हर समय धनउगाही में लगे रहते हैं। यदि वादकारी पैसा देने में सक्षम नहीं है तो कोई न कोई कमी निकालकर पत्रावली को खारिज कर दिया जाता है। जिनमें से कई कमियां नितान्त हास्यास्पद होती हैं और स्पष्ट रूप से जानबूझकर खारिज की हुई प्रतीत होती हैं। अधिवक्ता ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि उनके द्वारा खारिज की गई फाइलों की गोपनीय जांच करवाकर दण्डात्मक कार्रवाई की जाए।

गौरतलब है कि नायब तहसीलदार प्रथम का नाम कई महीने पूर्व भी चर्चा में आया था, जब उनके कार्यालय में बनारस निवासी एक बाहरी व्यक्ति द्वारा दर्जनों फाइलें गायब कर देने और रातो-रात दर्जनों फाइलों पर आदेश कर दिए जाने का मामला सामने आया था। उक्त मामले में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों पर भी उंगलियां उठी थीं।

बैठने के तरीके और काम करने के तरीके से ऐसा प्रतीत होता था कि उक्त व्यक्ति कोई सरकारी बाबू है, जिसे तैनात किया गया है। उसके बैठते ही तमाम फाइलें इधर से उधर हो गई। अधिवक्ता और वादकारी घंटों अपनी फाइलें ढुंढवाते मगर फाइलें नहीं मिलतीं। कई अधिवक्ताओं से उसकी झड़प भी होते होते बची। इसके बाद तहसील दिवस के दिन जब मण्डलायुक्त रोशन जैकब स्वयं मौजूद थी। पूर्वनिर्धारित योजना के अनुसार विवाद करवाया गया और उक्त व्यक्ति आनन-फानन में नौ दो ग्यारह हो गया। । अधिवक्ताओं का आरोप था कि रामू नामक उक्त बनारसी नायब तहसीलदार प्रथम के साथ ही सिधौली आया था।

**उपलब्धि** भारत का संविधान कार्यक्रम में अमूल्य योगदान देने के लिए मिला सम्मान

# शिक्षिका सुनीता यादव को मिला गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स

संवाददाता, हरगांव, सीतापुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय फत्तेपुर मीराबेहड़ की प्रधानाध्यापिका सुनीता यादव को हिंदी भवन नई दिल्ली में आयोजित भारत का संविधान कार्यक्रम में अमूल्य योगदान देने के लिए उन्हें गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स सम्मान से सम्मानित किया गया।

हरगांव क्षेत्र की शिक्षिका को सम्मान मिलने से जनपद का बेसिक शिक्षक परिवार एवं सीतापुर के लोग स्वयं को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। ये सम्मान मिलने पर गणमान्य व्यक्तियों ने भी बधाई दी है। मालूम हो कि कार्यक्रम में चार देशों तथा 18



सुनीता यादव।

राज्यों के विद्वान साहित्यकारों ने प्रतिभाग किया था। इस उपलब्धि पाने पर क्षेत्रीय विधायक कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने शिक्षिका को बधाई देते हुए कहा यह क्षेत्र व जनपद के लिए गौरव की बात है। खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत मौर्य ने शिक्षिका सुनीता यादव को




साहित्यकारों द्वारा तैयार प्रथम छंदमय संविधान दिखाता संपादक मंडल। अमृत विचार

बधाई देते हुए कहा उक्त शिक्षिका लगातार नवाचार के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई के साथ साथ उनके सर्वांगीण विकास पर बल देती है उन्होंने कहा कि ये सम्मान पाने पर सुनीता यादव को शीघ्र ही सम्मानित किया जाएगा। आपको बता दें कि हिंदी भवन विष्णु दिगंबर मार्ग नई दिल्ली में 15 जून को 4 देशों और 18 राज्यों से आए हुए 142 मूर्धन्य साहित्यकारों ने 2110 दोहे 422 रोला 24 छंद सृजित कर विश्व का प्रथम छंदमय संविधान तैयार किया है। संपादक मंडल डॉ ओंकार साहू, डॉ. सपना दत्ता, डॉ. मधु शंखधर के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. श्याम सिंह शशि (पद्मश्री), मुख्य अतिथि मीनाक्षी लेखी (पूर्व विदेश मंत्री एवं सांस्कृतिक राज्य मंत्री), विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेश सिंह (पुलिस प्रशासनिक अधिकारी गृह मंत्रालय), डॉ. संतोष खन्ना (पूर्व न्यायाधीश), डॉ राम सिंह वरिष्ठ साहित्यकार, शकुंतला कालरा, चेतन आनंद (कवि एवं पत्रकार), पंकज शर्मा (आज तक एडिटर) एवं आलोक कुमार भारत प्रमुख गोल्डन बुक ऑफ वल्र्ड रिकॉर्ड सहित समस्त साहित्यकार उपस्थित रहे। सीतापुर से सुनीता यादव को इस महान ग्रंथ में विशेष सहयोग हेतु गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड ने सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सुनीता जी वर्ष पर्यंत उत्कृष्ट सामाजिक, साहित्यिक और शैक्षिक कार्य करती रहती है। यह गौरव की बात है कि विश्व के प्रथम छंद वद्ध संविधान में सुनीता यादव( शिक्षिका) ने अनुच्छेद 338-338 क पर रोला और दोहा सृजित कर संविधान जैसे महत्वपूर्ण ग्रंथ में अपना स्थान बनाकर हम सभी को गौरवान्वित किया।

## एक नजर

### बजाज चीनी मिल में किया गया भंडारा

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।** बजाज हिंदुस्थान शुगर लि द्वारा जेठ माह की त्रियोदशी पर कर्मचारियों, अधिकारियों के सहयोग से भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें आने जाने वाले राहगीरों को भंडारे का प्रसाद वितरण कर शर्बत भी पिलाया गया। बजाज हिंदुस्थान शुगर लि के कालोनी गेट पर हुए भंडारे का उद्घाटन बजाज चीनी मिल के यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन ने किया। रोड से निकलने वाले राहगीरों को बूंदी, पूड़ी, छोले शर्बत आदि खिलाने पिलाने की व्यवस्था की गई। चीनी मिल के अधिकारी पीएस चतुर्वेदी, केके तिवारी, पीसी गुप्ता, एके पांडे, आरके मिश्रा, संदीप कटियार, रितेश दुबे आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया।

### वर्चस्व को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट-पथराव

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव के गांव अछनियां में गुरुवार की देर शाम वर्चस्व को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। उनके बीच जमकर मारपीट हुई और ईंट-पत्थर चले। इस दौरान फायरिंग भी हुई। इस घटना में गांव निवासी पूर्व प्रधान अय्यूब खां के पुत्र बिलाल खां, हाफिज समेत तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना अध्यक्ष नीमगांव सुनीता कुशवाहा ने बताया कि अछनिया गांव में दो बच्चों में मारपीट की घटना हुई है। फायरिंग की घटना की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। तीन लोग घायल हुए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पूर्व प्रधान पुत्र बिलाल ने मारपीट के करने व दस हजार रुपए लूटने का भी आरोप लगाया है।

### निशुल्क सरकारी कोचिंग के लिए हुई प्रवेश परीक्षा

**बलरामपुर।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री अभ्युदय नि:शुल्क कोचिंग योजना के तहत यूपीएससी/यूपीपीएससी/नीट/जेईई/एनडीए/सीडीएस/एसएससी व अन्य एकदिवसीय प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु निशुल्क कोचिंग केंद्र जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बलरामपुर में नवीन सत्र 2024- 25 की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई।केंद्र के कॉर्डिनेटर सचिन सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 3 पालियों में अयोजित की गई।प्रथम पाली सुबह 9:30 बजे से एक दिवसीय प्रतियोगी परीक्षा, द्वितीय पाली दोपहर 12:00 बजे से नीट/जेईई एवं तृतीय पाली दोपहर 3:00 pm सिविल सेवा की तैयारी ले लिए प्रवेश परीक्षा कराईं गई। जिसमें कुल 601 प्रतियोगी छात्र/छात्राएं ने आवेदन किया था जिसके सापेक्ष 401 छात्रों ने प्रतिभाग किया।

# धूल भरी आंधी और बूंदाबांदी से मिली राहत

## बादलों की आवाजाही से धूप ने किया परेशान, चार डिग्री गिरा तापमान

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर


आंधी के बाद बिजली के तारों पर गिरे पेड़।


तारों पर गिरे पेड़ की टहनी को हटाता ग्रामीण। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी और तपिस से लोगों को मौसम ने बुधवार देर तेज हवाओं ने राहत दी है। तेज हवाओ के साथ चली धूल भरी आंधी से जहां पेड़ और विधुत खम्बे टूटकर गिरने की घटनाएं सामने आई, तो वहीं देर रात हुई हल्की बूंदा बांदी ने गुरुवार की सुबह मौसम सुहाना रहा। बादलों की आवाजाही से जहां तापमान में गिरावट दर्ज की गई तो दोपहर बाद खिली धूप से हुई उमस से लोग बेहाल नजर आये। गुरुवार को तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

मालूम हो कि नौतपा के बाद जून महीने में पारा अपने अधिकतम स्तर 47 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया था। हीट स्ट्रोक और लू से जहां जनजीवन अस्त व्यस्त था। वहीं मरीजो को भी काफी परेशानी उठानी पड़ी थी। जून माह में बढ़ी तपिस ने लोगो का जीना बेहाल कर दिया था। भीषण गर्मी के बीच हांफते ट्रांसफॉर्मर और चरमराई विधुत व्यवस्था बेपटरी हो चुकी थी। गर्मी से बेहाल लोग सड़कों पर उतरकर विधुत व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग कर रहे थे। इसी बीच गुरुवार देर रात प्री-मानसून एक्टिव हुआ है और देर रात शुरू हुई धूल रही आंधी से जहां मौसम सुहाना हुआ, तो आंधी से पेड़ो के गिरने से विधुत पोल और तारों के गिरने से ग्रामीण क्षेत्रो में विधुत व्यवस्था बेपटरी हो गई। बुधवार देर रात हुई हल्की बारिश से गुरुवार की सुबह मौसम सुहाना हो गया। लोगो को तपिस और लू से थोड़ी राहत जरूर मिली है लेकिन बादलों की आवाजाही से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 37 से 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के जानकारों की माने तो 25 जून से मानसून के सक्रिय होने के आसार दिख रहे है। मानसून के सक्रिय होने के बाद ही लोगो को गर्मी से राहत मिलने के आसार है। गुरुवार आई तेज आंधी से ग्रामीण क्षेत्रो में टूट खंभे और तारों को दुरुस्त करने के लिए कर्मचारी दिन रात लगे हुए है।

### आंधी-तूफान में दीवार गिरने से युवक की मौत

**नैमिषारण्य।** इलाके के सद्दीकपुर गांव में बुधवार देर रात आए आंधी तूफान में दीवार गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के सद्दीकपुर गांव निवासी श्रीराम ने बताया कि उनका 33 वर्षीय पुत्र रामकुमार बुधवार देर रात घर में सो रहा था अचानक आंधी तूफान और बारिश के चलते घर की दीवार भरभरा कर रामकुमार के ऊपर गिर गयी जिसके नीचे दबकर उसकी मौत हो गई, मामले की सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। थाना प्रभारी नैमिषारण्य पंकज तिवारी ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# बेसमेंट की खोदाई में ढही मिट्टी, मजदूर की मौत

संवाददाता, लखनऊ/बीकेटी

**तीन घायल**

- सैरपुर क्षेत्र में सहाय एन्क्लेव कॉलोनी में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के दौरान हादसा
- एसडीएम ने लेखपाल को जांच के दिये आदेश, जिलाधिकारी को भेजी जाएगी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बिना अनुमति निर्माणाधीन बिल्डिंग में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बनाने के लिए बेसमेंट में की जा रही खोदाई के दौरान एक तरफ की मिट्टी ढह गई। गुरुवार सुबह हुए इस हादसे में चार मजदूर दब गए। पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने चारों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया। हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इस मामले की जांच एसडीएम ने लेखपाल को जांच सौंपी है, जो डीएम को भेजी जाएगी।

घटना सैरपुर थाना क्षेत्र के रैथा रोड पर सहाय एन्क्लेव कॉलोनी की है। यहां पर निर्माणाधीन बिल्डिंग में ठेकेदार सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण करा रहा था। बेसमेंट की खोदाई में करीब 10 से 10 मजदूर लगे थे। सुबह करीब 9.40 बजे बेसमेंट की एक साइड की मिट्टी ढह गई। इसमें मजदूर सूर्यलाल (50) निवासी मरेठा लखीमपुर, तिवारी लाल (40) निवासी चक रेऊसा, थाना बिसवां, जिला सीतापुर, बचनेश (42) निवासी राम पाण्डेय पुरवा थाना धरौहरा, जिला लखीमपुर और जगमोहन (44) निवासी टिकरी, जिला सीतापुर दब गए। साथी मजदूरों ने पुलिस और बीकेटी फायर स्टेशन को सूचना देकर दबे मजदूरों को निकालने के लिए मिट्टी हटानी शुरू की।

सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस और दमकल कर्मियों ने मिट्टी हटाकर चारों को निकाला। सभी को शाढ़ामऊ स्थित सौ शैय्या अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने सूर्यपाल को मृत घोषित कर दिया। इस मामले में उप जिलाधिकारी बीकेटी सतीश चंद्र त्रिपाठी का कहना है कि बिना अनुमति खोदाई की जा रही थी। लेखपाल को भेजकर जांच कराई जा रही, रिपोर्ट जिलाधिकारी को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# दो घरों में दिनदहाड़े चोरी से दहशत में नगरवासी


कमरे में रखी अलमारी का बिखरा पड़ा सामान।


बेड पर फैले सामान को देखती महिला। अमृत विचार

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला वार्ड शहजानी के चाणक्यपुरम में दिनदहाड़े एक ही मोहल्ले में चोरों ने दो घरों से लाखों का माल साफ कर दिया।दिनदहाड़े चोरी की घटनाओं से नगरवासी दहशत में हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

चोरी की पहली घटना मोहल्ला निवासी अतुल शर्मा पुत्र कुंवर बहादुर शर्मा के घर हुई। दरअसल शर्मा परिवार अपने निजी काम से सीतापुर गया था।वहीं अतुल की मां और बीवी घर पर ही थीं, लेकिन किसी करीबी रिश्तेदार की हालत बिगड़ने की वजह से वह उसे देखने अस्पताल चली गईं। जब वह लोग वापस आए तो देखा कि घर का ताला टूटा पड़ा है।

शर्मा परिवार के परिजनों का आरोप है कि चोरी में 50हजार कैश, एक सोने की चेन, तीन अंगूठी, एक जोड़ी झाला, एक मंगलसूत्र, लॉकेट व चार चांदी की पायल लेकर चोर रफूचक्कर हो गये। वहीं दूसरी चोरी मोहल्ले में ही भाजपा नेता सीपी तिवारी पुत्र प्रेम शंकर तिवारी के घर हुई। जहां चोरों ने लाखों का माल साफ कर दिया। तिवारी परिवार निजी काम से लखनऊ गया हुआ था, तभी मोहल्लेवासियों ने भाजपा नेता सीपी तिवारी के घर का गेट खुला पाया, क्योंकि उसी घर के सामने वाले घर में भी चोरी हुई थी तो मोहल्लेवालों ने इसकी सूचना सीपी तिवारी को दी।

जानकारी के वक्त भी तिवारी परिवार लखनऊ से वापसी कर रहा था। चोरों ने सीपी के घर से पांच लाख 50 हजार नगद, डेढ़ तोला सोने का हार, दो सोने की अंगूठी,एक जोड़ी बाली, दो चांदी के सिक्के,एक जोड़ी सोने के टॉप्स तथा चांदी की गणेश व लक्ष्मी जी की मूर्ति आदि चुराकर फरार हो गये। मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि छानबीन जारी है। आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक अब इस मामले की छानबीन में क्राइम ब्रांच ने मोर्चा संभाला है।

# स्वास्थ्य टीम ने सिमना अस्पताल किया सीज, एक को मिली नोटिस

लहरपुर, सीतापुर



सिमना अस्पताल में जांच करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर में अवैध अस्पतालों एवं पैथोलॉजी सेंटरों के संचालन को लेकर बृहस्पतिवार को सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद मित्रा, डॉ. आदित्य, डॉ. पीएस आनंद एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर के एक अस्पताल को सीज कर दिया और एक अस्पताल को नोटिस थमाई। छापेमारी की खबर मिलते ही भारी संख्या में क्षेत्र में संचालित अवैध अस्पताल एवं पैथोलॉजी सेंटरों के शटर गिर गए।

बृहस्पतिवार को स्वास्थ्य विभाग टीम द्वारा चलाए गए अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चंद कदम की दूरी पर अवैध रूप से संचालित सिमना अस्पताल की जांच स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की। अस्पताल संचालक के पास कोई भी वैध प्रपत्र न पाए जाने पर अस्पताल को सीज कर दिया गया। इसी क्रम में एसआर मेमोरियल हॉस्पिटल की भी जांच की गई।

अस्पताल के पंजीकरण का नवीनीकरण न होने पर उन्हें नोटिस दी गई। वहीं छापेमारी की खबर मिलते ही क्षेत्र में संचालित अवैध अस्पताल एवं पैथोलॉजी सेंटरो के शटर बंद हो गए और जांच टीम को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। जांच के संबंध में अधीक्षक डॉ. आनंद मिश्रा ने बताया कि अवैध अस्पतालों एवं पैथोलॉजी सेंटरों के विरुद्ध जांचअभियान लगातार जारी रहेगा।

# विधायक ने भीरा एसओ को फटकारा

संवाददाता महंगापुर/पलिया कलां

**सख्ती**

- पीड़ित से लिए गए रुपये कराए वापस
- वार्तालाप की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**अमृत विचार।** थानाध्यक्ष भीरा के इशारे पर पीड़ित से रुपये लेना भीरा पुलिस को महंगा पड़ गया। विधायक ने एसओ को कड़ी फटकार लगाई। विधायक के दो घंटे के भीतर रुपये वापस करने की चेतावनी पर पुलिस हरकत में आ गई और पीड़ित को बुलाकर रुपये वापस लौटा दिए। विधायक और एसओ के बीच हुई वार्ता का ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। एसपी ने मामले को संज्ञान में लेकर प्रकरण की जांच सीओ पलिया को सौंपी है और जांच रिपोर्ट मांगी है।

गुरुवार को भीरा थाना क्षेत्र के गांव शहपुर ढकिया निवासी राकेश कुमार ने बताया कि वह अपने घर के लिए अपने खेत से ट्रैक्टर डनलप से मिट्टी ले जा रहे थे। उसी समय थाना भीरा के एसआई रामानंद शर्मा ने सिपाही संजय सिंह के साथ पहुंचकर ट्रैक्टर रोक लिया। ट्रैक्टर, उसे और ट्रैक्टर पर बैठे उसके दो बेटों को थाने लाकर हवालात में बंद कर दिया। सुबह परिजन थाने पहुंचे तो उसे बताया गया कि एसओ साहब ने छोड़ने की एवज में 50 हजार रुपये मांगे है। काफी अनुनिय विनय करने पर उससे 20 हजार रुपये ले लिए। पीड़ित ने इसकी शिकायत पलिया विधायक रोमी साहनी से की।

इस पर विधायक ने भीरा थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी को फोन लगाकर कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने दो घंटे के भीतर रुपये पीड़ित को वापस न लौटाने पर थाने एसओ न रहने की चेतावनी दी। विधायक की फटकार के बाद बैकफुट पर आई पुलिस ने पीड़ित को थाने बुलाया और उसे 20 हजार रुपये वापस लौटा दिए। विधायक और एसओ के बीच हुई बातचीत का ऑडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। विधायक रोमी साहनी ने बताया कि पीड़ित मेरे आवास पर आया था और 20 हजार रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई थी। जिस पर उसके रुपये वापस कराए हैं। आरोपी थानाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई को लेकर एसपी व अन्य उच्चाधिकारी को भी पत्र लिखा जाएगा।

गरीब जनता से कोई भी विभाग के कर्मचारियों की धन उगाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर एसपी ने मामले को गंभीरता से लेते जांच सीओ पलिया को सौंपी है। एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बताया कि सीओ की जांच रिपोर्ट आने के बाद जो दोषी होगा। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। आरोपी एसओ पंकज त्रिपाठी ने बताया कि उन्होंने किसी से रुपये नहीं लिए हैं। किसने लिए उन्हें इसकी जानकारी नहीं है।

# 172 बच्चों को वितरित किए गए स्मार्टफोन


बच्चों को स्मार्टफोन वितरित करते विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह। अमृत विचार

**संवाददाता, पसगवां, अमृत विचार।** जंगबहादुरगंज के एसआर डिग्री कालेज में स्नातक के 172 छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किये गए। मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि स्मार्टफोन वितरण प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की दूरदर्शी व अनूठी पहल है। इसका उपयोग बेहतर भविष्य निर्माण व जागरूकता के लिए करें। उन्होंने बताया कि स्मार्टफोन दोधारी तलवार है, आप युवा शक्ति हैं, देश की बुनियाद है इसलिए इसमें कुछ ऐसा न सर्च करें जो खतरनाक हो। मोबाइल का पढ़ाई में उपयोग करें। उन्होंने कहा कि अर्जुन की तरह लक्ष्य को निर्धारित कर सफलता के लिए प्रयास करने चाहिए।

## एकल नामांकन होने से अध्यक्ष महामंत्री निर्विरोध निर्वाचित

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।** नगर उद्योग व्यापार मंडल के त्रिवार्षिक चुनाव में अध्यक्ष और महामंत्री पद पर एकल नामांकन होने से दोनों पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

कृषक समाज इंटर कॉलेज के बालक विभाग में अध्यक्ष और महामंत्री पद के लिए नामांकन दाखिल हुए, जिसमे अध्यक्ष पद के लिए पवन गुप्ता का एक नामांकन और महामंत्री पद के लिए मुनेंद्रपाल सिंह का एक नामांकन पत्र दाखिल हुआ। चुनाव कमेटी के पदाधिकारियों वीरेंद्र वर्मा, श्रीप्रकाश रस्तोगी ने अध्यक्ष पद पर पवन कुमार गुप्ता और महामंत्री पद पर मुनेंद्रपाल सिंह को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष और महामंत्री को माल्यार्पण करते हुए जिलाध्यक्ष राममोहन सोनी ने बधाई देते हुए कहा कि नगर के व्यापारी समाज को संगठित करते हुए संगठन को मजबूत बनाने का कार्य किया जाएगा। निवर्तमान अध्यक्ष विनोद मिश्रा, दिनेश गुप्ता, नदीम खां, श्याम राजपूत, पंकज गुप्ता, मिथलेश गुप्ता, दीपक गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### अधिवक्ताओं से मिले प्रदेश बार कौंसिल के सचिव

**संवाददाता, निघासन।** बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सचिव प्रदीप कुमार सिंह गुरुवार को निघासन पहुंचे। उन्होंने अधिवक्ताओं से मुलाकात की। एसडीएम निघासन के विरुद्ध चल रहे विरोध प्रदर्शन व उनकी कार्यशैली के संबंध में वरिष्ठ अधिवक्ताओं से जानकारी ली। अधिवक्ता हित में कार्रवाई का आश्वासन दिया। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चलाई जा रहे मेडिकल सहायता योजना के तहत अधिवक्ता सोने लाल व वीरेंद्र सिंह भदौरिया को 15000-15000 रुपए की चेक प्रदान की। उन्होंने कहा कि सभी सदस्य न्यासी समिति के सदस्य बन जाएं। सबसे पहले निघासन सिविल बार को 20 पुस्तक भी बार कौंसिल से प्राप्त कराई गई है। आने वाले समय में ई लाइब्रेरी की सुविधा दिलाए जाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। इस दौरान सिविल बार के अध्यक्ष सर्वेश गुप्ता, हरिनंदन यादव, राम निवास जायसवाल, उपेंद्र कश्यप, छोटेलाल वर्मा, बच्चा लाल तिवारी, आत्म कुमार, मोहम्मद शकील, अंकित कश्यप, हरिओम गुप्ता आदि रहे।

### बीडीओ ने ग्रामीणों को दिया सड़क बनने का आश्वासन

**संवाददाता, बिजुआ, अमृत विचार :** कस्बा बिजुआ में मोहल्ला नई कालोनी की जर्जर सोलिंग, सड़क का ग्रामीणों की शिकायत पर खंड विकास अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सड़क की जर्जरता एवं ग्रामीणों को हो रही परेशानी के मद्देनजर शीघ्र ही पंचायत समिति एवं पंचायत मद की राशि से इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की बात कही। सड़क निर्माण कार्य शुरू होने की जानकारी से ग्रामीणों में खुशी है। ग्राम पंचायत बिजुआ में मोहल्ला नई कॉलोनी के दर्जनों ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए खंड विकास अधिकारी महावीर सिंह ने मोहल्ला नई कॉलोनी पहुंचकर जर्जर हो चुकी सोलिंग, सड़क का निरीक्षण किया। जहां वर्षों से रह रहे ग्रामीणों को सड़क की दिक्कतों का काफी समय से सामना करना पड़ रहा है। बरसात के समय में ग्रामीणों को जल भराव की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए बीडीओ ने स्थानीय लोगों से वार्ता कर कागजी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए शीघ्र अति शीघ्र इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद ग्राम विकास अधिकारी प्रताप सिंह राणा को सड़क की माप कर अविलंब प्राक्कलन तैयार करने का निर्देश दिए।

### अहिप कार्यकर्ताओं ने सौंपा ज्ञापन, किया विरोध


सीएमओ को ज्ञापन देते अहिप के पदाधिकारी। अमृत विचार

**गोंडा।** इटियाथोक- खरगूपुर मार्ग पर सोमवार को हुई दुर्घटना में एक ही परिवार के दो सदस्यों की मौत हो गई थी। शवों को रात्रि में ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया था। उसी समय रात्रि में ही परिवारजनों व अहिप संगठन के पदाधिकारियों ने पोस्टमार्टम कराने के लिए जिलाधिकारी से अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने रात्रि में पोस्टमार्टम कराने की स्वीकृति प्रदान कर दिया था। जिलाधिकारी के आदेश देने के बाद भी संबंधित डॉक्टर/कर्मचारियों ने डीएम के आदेश को दरकिनार कर दिया। इस पर गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के सदस्यों ने मुख्य चिकित्साधिकारी को ज्ञापन देकर लापरवाह डॉक्टर, कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**अनदेखी** — रोजाना सैकड़ों लोगों का होता है आवागमन, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# हादसों को दावत दे रही नहर पर बनी टूटी पुलिया

संवाददाता, करनैलगंज


पुलिस की टूटी रेलिंग दे रही हादसों को दावत। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विकासखंड हलधरमऊ के ग्राम पंचायत नगवा कला के मजरा पाण्डेयपुरवा के निकट सरयू नहर पर बनी क्षतिग्रस्त पुलिया की रेलिंग टूटी है। इस पुलिया से होकर सैकड़ों राहगीर आवागमन करते हैं। टूटी रेलिंग राहगीरों के लिए खतरे का सबब है, खास तौर से खतरनाक मोड़ पर रात के अंधेरे में इस ओर से गुजरना चुनौतीपूर्ण हो चुका है। बावजूद इसके, जिम्मेदारों का ध्यान इस समस्या की ओर नहीं जा रहा है।

सरयू नहर खंड-प्रथम की माइनर जो ग्राम पंचायत नगवा कला के पाण्डेयपुरवा से हीरापुर कमियार होते हुए बहराइच जिले को जाती है। इस नहर पर पांडेपुरवा के पास बनी पुलिया क्षतिग्रस्त स्थिति में है इसके ऊपर सुरक्षा के दृष्टिगत बनी रेलिंग टूट चुकी है। जिससे हादसे का अंदेशा बना है। उधर इस नहर की हालत भी बेहद खस्ता है। विभाग की ओर से इसकी न तो शील्ट सफाई कराई गई है न ही मिट्टी पटाई कराकर कर मरम्मत। किसानों को इस समय पानी की सख्त जरुरत है। लेकिन नहर सूखी पड़ी है।

### हर समय रहता है खतरा

ग्राम पंचायत नगवा कला निवासी लक्ष्मी शंकर तिवारी, कुंदन अवस्थी ने बताया कि पुलिया की रेलिंग टूटने से दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है। रात के अंधेरे में बाइक, साइकिल सवार पुलिया के नीचे गिरकर घायल हो रहे हैं। इसकी शिकायत कई बार की गई, लेकिन जिम्मेदार इस ओर ध्यान देना मुनासिब नहीं समझ रहे है। शिव मंगल, अवर अभियंता, सरयू नहर खंड -प्रथम ने बताया कि सिंचाई विभाग के उच्चाधिकारियों ने इस पुलिया का निरीक्षण कर चुके हैं। निर्माण के लिए प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है।

# पंचायत भवनों में इंटरनेट की मिले सुविधा

**बलरामपुर, अमृत विचार।** पंचायत भवनों में इंटरनेट की सुविधा दिलाए जाने, पंचायत सहायकों का बकाया मानदेय के भुगतान व जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए आईडी पासवर्ड दिलाए जाने की मांग पंचायत सहायकों ने की है। सदर ब्लॉक के पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर एडीओ पंचायत प्रेम प्रकाश चौधरी को ज्ञापन सौंपा। मांग पत्र पर प्रभावी कार्रवाई न होने पर पंचायत सहायकों ने आंदोलन की चेतावनी दी है।

पंचायत सहायक अनिल कुमार, मोनू, गुड़िया देवी, रेनू, ममता, पुष्पा, प्रमोद व संगीता वर्मा ने बताया कि पंचायत भवन में आय,जाति निवास प्रमाण पत्र बनाने के साथ ही अन्य सरकारी योजनाओं का संचालन पंचायत भवन से ही किया जा रहा है। पंचायत भवन में इंटरनेट की व्यवस्था न होने से पंचायत सहायकों को कार्य करने में परेशानी होती है। सदर ब्लॉक के कई गांवों के पंचायत सहायकों का मानदेय बकाया है। मानदेय न मिलने से पंचायत सहायकों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए आईडी व पासवर्ड नहीं मिला है। ई-ग्राम स्वराज पोर्टल पर बिल बाउचर बनाने व डोंगल से भुगतान आदि के बारे में पंचायत सहायकों को प्रशिक्षण दिया जाए।

